(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

बुधवार, 23 फरवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 65 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त





टीवी अभिनेत्री श्रीजिता डे ...8

## यूपी में लगेगा जीत का चौका, मोदी बोले- राज्य के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर आरोप–प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। इन सबके बीच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहराइच में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और साथ ही साथ समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि आप जो इतनी बड़ी संख्या में भाजपा को आशीर्वाद देने आए हैं उससे साफ है यूपी चुनाव में इस बार भी जीत का चौका लगने वाला है। एक बार 2014, दूसरी बार 2017, तीसरी बार 2019 और इस बार चौका। उन्होंने काह कि ये धरती महाराजा सुहेलदेव के पराक्रम की महक लिए हुए है। पिछले वर्ष मुझे उनके स्मारक के शिलान्यास का भी सौभाग्य मिला। इस स्मारक में उनकी भव्य प्रतिमा भी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन के समय किसी का साथ नहीं छोड़ती है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े राज्य की जिम्मेदारी मजबूत कंधों पर होनी चाहिए और इसीलिए टफ टाइम के लिए टफ लीडर जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप देख रहे हैं कि इस समय दुनिया में कितनी उथल–पुथल मची हुई है। ऐसे में आज भारत का ताकतवर होना, भारत और पूरी मानवता के लिए बहुत जरूरी है। आज आपका एक–एक वोट भारत को ताकतवर बनाएगा। सुहेलदेव की धरती के लोगों का एक–एक वोट, देश को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि हमने तमाम संघर्षों से लोहा लेते हुए, आजादी से यहां तक का सफर तय किया है। हर भारतीय का ध्येय एक विकसित और समृद्ध भारत है। इस समृद्ध भारत के लिए उत्तर प्रदेश का विकसित और समृद्ध होना उतना ही जरूरी है। मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास के जिस रास्ते पर चल पड़ा है, उसमें डबल इंजन की सरकार उतनी ही जरूरी है। मैंने 2014 से लेकर 2017 तक इन घोर परिवारवादियों का, उनका कामकाज, उनका कारोबार, उनके कारनामें बहुत करीब से देखा है।



वाराणसी से सांसद मोदी ने कहा कि दुरूख होता है जब अपने स्वार्थ के लिए घोर परिवारवादियों की सरकारें जनता के हित को ही स्वाहा कर देती हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बस्ती, गोंडा, बहराइच और बलरामपुर के लोगों ने भी बहुत भेदभाव झेला। अब योगी आदित्यनाथ की सरकार पिछले 5 वर्षों से हर वो प्रयास कर रही है, जो आपके जीवन में सहूलियत ला सके और गरीब को सम्मान दे सके। मोदी ने कहा कि जनता को डराने वाले आज डर रहे हैं। योगी सरकार यहां की बिगड़ी कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने में कामयाब हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयासों की वजह से अब उत्तर प्रदेश में डर का माहौल दूर हो रहा है। आपके लिए आगे बढ़ने के रास्ते खुल रहे हैं, नए रास्ते बन रहे हैं। आप बच्चे को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं, इसलिए भाजपा सरकार स्कूलों की स्थिति सुधार रही है। मोदी ने कहा कि आप सभी को पता है कि गरीब के घर में कोई अनहोनी हो जाये तो उस परिवार पर क्या बीतती है। पैसे की कमी तो गरीब के जीवन पर दोहरा संकट ला देती है। गरीब की इसी तकलीफ को समझते हुए हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना शुरू की थी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से हमने गरीब को 2–2 लाख रुपये का सुरक्षा कवर दिया। आज यूपी के साढ़े 4 करोड़ से ज्यादा मेरे गरीब भाई बहन इन योजनाओं से जुड़े हुए हैं। आपको जानकर खुशी होगी कि यूपी के गरीब परिवारों को बीते वर्षों में करीब 1,000 करोड़ रुपये की मदद सीधे उनके खाते में दी गई है। गरीबों के लिए सरकार की इसी संवेदनशीलता को इस कोरोना के काल में भी देखा है और महसूस किया है।

## गुजरात में फिर से होगा पाटीदार अनामत आंदोलन?

### हार्दिक पटेल कांग्रेस पार्टी छोड़ने के लिए तैयार

नई दिल्ली। जुलाई 2015 में शुरू हुआ वो आंदोलन जिसने देखते ही देखते इतना बड़ा रूप लिया था कि सूरत, अहमदाबाद और मेहसाणा में कर्फ्यू लगाने तक की नौबत आ गई थी। हीं टीवी, सोशल मीडिया और दुनिया भर के अखबारों में एक चेहरा खूब सुर्खियों में आया। वो नाम हार्दिक पटेल का था। गुजरात में अब वैसा ही नजारा फिर से देखने को मिल सकता है। इसकी वजह है पाटीदार अनामत आंदोलन के प्रणेता हार्दिक पटेल द्वारा फिर से आंदोलन की धमकी दिया जाना है। हार्टिक पटेल इसके लिए कांग्रेस पार्टी तक छोड़ने के लिए तैयार हैं। पटेल ने कहा कि अगर गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण के लिए 2015 में किए गए पाटीदार आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी शेष आपराधिक मामलों को वापस नहीं लेती है तो 23 मार्च के बाद राज्य में आंदोलन शुरू किया जाएगा। आंदोलन के लिए चुना शहीदी दिवस का दिनः हार्दिक पटेल ने जिस दिन आंदोलन करने की बात कही है वो 23 मार्च की तारीख सरदार भगत सिंह का शहीदी दिवस का दिन है। कहा जा रहा है कि पटेल की तरफ से इस दिन कई कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। पाटीदार नेता और वे सभी जो आंदोलन में शामिल होना चाहते हैं, निर्वाचित प्रतिनिधियों से संपर्क करेंगे और अपना ज्ञापन सौंपेंगे। इसी तरह पाटीदार अनामत आंदोलन समिति के तहसील और जिलों के सरकारी कार्यालयों से भी संपर्क किया जाएगा।



कांग्रेस छोड़ने के लिए तैयारः हार्दिक पटेल ने कहा, ''पाटीदार युवाओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज होने के कारण उन्हें परेशान किया जा रहा है। अभ्यावेदन देने के बावजूद अब तक मुख्यमंत्री ने कुछ नहीं किया है।'' हार्टिक ने आंदोलन करने की बात करते हुए कहा कि वह इसके लिए पार्टी छोड़ने के लिए तैयार हैं। बीजेपी ने बताया चुनावी स्टंटः भाजपा की गुजरात इकाई के प्रवक्ता रुतविज पटेल ने कहा कि हार्दिक और उनकी पार्टी गुजरात में अपना राजनीतिक आधार खो चुके हैं और वे केवल मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस तरह के ''स्टंट'' कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हार्दिक और कांग्रेस दोनों ने गुजरात में अपना राजनीतिक आधार खो दिया है। तभी तो खबरों में बने रहने के लिए हार्दिक इस तरह के राजनीतिक स्टंट कर रहे हैं। पाटीदार समुदाय अतीत में भी भाजपा के साथ रहा और भविष्य में भी वह हमारे साथ रहेगा।

## पेगासस : जनहित याचिकाओं पर बुधवार के बजाय अब शुक्रवार को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, उच्चतम न्यायालय भारत में कुछ लोगों की जासूसी के लिए इजराइली स्पाईवेयर के कथित इस्तेमाल को लेकर दायर याचिकाओं पर बुधवार के बजाय शुक्रवार को सुनवाई के लिए राजी हो गया। न्यायालय ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल की उन दलीलों को स्वीकार किया कि वह अन्य अदालत में धन शोधन के एक मामले की जिरह में व्यस्त होंगे। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश एन वी रमन की अध्यक्षता वाली पीठ को पिछले साल 27 अक्टूबर के बाद पहली बार पेगासस मुद्दे पर याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई करनी थी। पिछले साल अक्टूबर में उसने जासूसी के आरोपों की जांच के लिए साइबर विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय समिति गठित करने का आदेश दिया था। पीठ में न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली शामिल हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से अनुरोध किया कि याचिकाओं पर सुनवाई बुधवार के बजाय शुक्रवार (25 फरवरी) को की जाए क्योंकि वह एक अन्य पीठ के समक्ष जिरह करेंगे। उन्होंने कहा, पेगासस मामले आपके सामने आ रहे हैं मैं पीएमएलए (धन शोधन रोकथाम कानून) के तीन मामलों में अदालत के समक्ष सुनवाई का हिस्सा हूं।

## क्या राम रहीम की जान को है खतरा? डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को मिलेगी जेड प्लस सुरक्षा

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम



रहीम फरलो पर 21 दिनों के लिए बाहर आए हुए है और अब उन्हें जेड प्लस सुरक्षा दी जाएगी। इसके लिए एडीजी सीआईडी की तरफ से रोहतक रेंज कमिश्नर को पत्र लिखा गया था जिसमें उनको गृह मंत्रालय से इनपुट मिले हैं कि राम रहीम को खालिस्तान समर्थित आतंकवादियों से खतरा है। बता दें कि, राम रहीम को सजा से पहले भी कई धमकियां मिल रही हैं जिसको देखते हुए राम रहीम को अब कड़ी सुरक्षा में रखा जाएगा। 7 फरवरी को फरलो पर बाह आए राम रहीम इस समय अपने गुरुग्राम स्थित डेरे पर अपने परिवार के साथ रह रहे है। जानकारी के लिए बता दें कि, राम रहीम को फरलो दिए जाने वाले मामले में भी बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि, राम रहीम ने रोहतक की सुनरिया जेल के सुप्रिटेंडेंट को 31 जनवरी को पत्र लिखा था और तीन हफ्तों की फरलो दिए जाने की मांग की थी। इस पत्र में उन्होंने अपने परिवार के साथ गुरूग्राम में रहने की भी इच्छा जताई थी। राम रहीम के अनुसार, वह 4 साल 4 महीने तक जेल में बेद है और वह अपने परिवार से मिलने के लिए 21 दिन की फरलो की छुट्टी की मांग कर रहे थे।

## सपा ने आईजी लक्ष्मी सिंह को हटवाने के चार बार चुनाव आयोग को भेजा शिकायत पत्र, जानिए क्या है वजह

समाजवादी पार्टी लखनऊ आईजी रेंज लक्ष्मी सिंह को हटवाने की कोशिश में जुटी हुई है। चुनाव आयोग को इसके लिए अब तक सपा चार बार शिकायत पत्र भेज चुकी है। चुनाव आयोग से सपा ने अपनी शिकायत में कहा है कि लखनऊ आईजी रेंज पुलिस के पद पर कार्यरत लक्ष्मी सिंह अपने पति और बीजेपी के उम्मीदवार राजेश्वर सिंह के लिए बीजेपी के पक्ष में मतदान करने के लिए वोटरों पर दबाव बना रही हैं। पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अभिषेक मिश्र, के के श्रीवास्तव और डॉक्टर हरीश चंद्र सिंह यादव ने इस संबंध में रविवार को चौथी बार मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ से भेंट कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए आईजी लक्ष्मी सिंह को तुरंत स्थानांतरित करने की मांग की। सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने भारतीय निर्वाचन आयोग से मूक दर्शक की भूमिका से ऊपर उठकर अपनी गरिमा कायम रखने की गुजारिश की है। आपको बता दें समाजवादी पार्टी पहले भी इस बाबत निर्वाचन आयोग से तीन बार शिकायत कर चुकी है। कौन है राजेश्वर सिंहः राजेश्वर सिंह की बात करें तो वह ईडी के संयुक्त निदेशक रह चुके हैं। उनके द्वारा हाल ही में अपने सेवाकाल से वीआरएस लिया गया था। आपको बता दें राजेश्वर सिंह 1996 में पीपीएस अधिकारी चुने गए थे। राजेश्वर सिंह की छवि सीईओ के पद पर रहते हुए एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की बनी, इसके बाद वह 2009 में ईडी में चले गए।



## जयंत चौधरी ने भाजपा को बताया किसान विरोधी, पूछा-उप्र सरकार आशीष मिश्रा की जमानत के खिलाफ उच्चतम न्यायालय क्यों नहीं गई



नोएडा (उप्र), राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि भाजपा किसान विरोधी है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि उत्तर प्रदेश सरकार केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे और लखीमीपुर खीरी हिंसा के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को जमानत देने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय क्यों नहीं गई? चौधरी की यह टिप्पणी लखीमपुर हिंसा के पीड़ितों द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से एक दिन पहले उच्चतम न्यायालय का रुख करने के बाद आई है। उन्होंने ट्वीट किया, योगी जी को बताना चाहिए, वो आशीष मिश्रा टेनी को जमानत मिलने से इतने प्रसन्न क्यों हुए? उत्तर प्रदेश सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका क्यों प्रस्तुत नहीं की ? बात साफ है भाजपा सरकार किसान विरोधी है!

## राकांपा प्रमुख कोरेगांव–भीमा जांच आयोग के समक्ष 23–24 फरवरी को नहीं हो सकेंगे हाजिर

मुंबई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने कोरेगांव–भीमा जांच आयोग को सूचित किया है कि वह 23–24 फरवरी को उसके समक्ष उपस्थित नहीं हो सकेंगे। महाराष्ट्र के मंत्री एवं राकांपा प्रवक्ता नवाब मलिक ने मंगलवार को एक वीडियो बयान जारी करके यह जानकारी दी। मलिक ने साथ ही कहा कि भविष्य में पवार जांच आयोग के समक्ष निश्चित रूप से उपस्थित होंगे। कोरेगांव–भीमा जांच आयोग ने इस महीने की शुरुआत में पवार को 23 और 24 फरवरी को हाजिर होने को कहा था। महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित युद्ध स्मारक के पास जनवरी 2018 में हुई हिंसा के सिलसिले में सबूत जुटाने के मकसद से आयोग ने पवार को उपस्थित होने को कहा था। इसके पहले समिति (पैनल) ने वर्ष 2020 में पवार को तलब किया था, लेकिन वह कोरोना वायरस के चलते लागू लॉकडाउन के कारण इसके समक्ष उपस्थित नहीं हो सके थे। मलिक ने कहा, आयोग ने पवार साहब को अपने समक्ष हाजिर होने के लिए कहा था, उन्होंने आयोग को लिखित में बता दिया है कि वह इस बार उसके समक्ष हाजिर नहीं हो पाएंगे।



पुणे पुलिस के अनुसार 1 जनवरी 2018 को कोरेगांव भीमा की 1818 की लड़ाई की द्विशताब्दी वर्षगांठ पर युद्ध स्मारक के पास जातीय समूहों के बीच हिंसा भड़क गई थी। पुलिस के मुताबिक इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 10 पुलिसकर्मियों सहित कई लोग घायल हो गए थे। पुणे पुलिस ने आरोप लगाया था कि 31 दिसंबर, 2017 को पुणे में आयोजित 'एल्गार परिषद सम्मेलन' में भड़काऊ भाषणों से कोरेगांव भीमा के आसपास हिंसा भड़की। पुलिस के मुताबिक एल्गार परिषद सम्मेलन के आयोजकों का माओवादियों से संपर्क था।

## यूपी में खिसक रही भाजपा की जमीन, बेहतर विकल्प देने की स्थिति है कांग्रेसः सचिन पायलट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चल रहे विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों के अपने–अपने दावे हैं। पिछले कई वर्षों से उत्तर प्रदेश में सरकार से दूर कांग्रेस ने भी राज्य में पूरी ताकत झोंक रखी है। सबसे खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की महासचिव और गांधी परिवार की सदस्य प्रियंका गांधी ने खुद कमान अपने हाथों में ले रखा है। राजनीतिक विश्लेषकों का भी दावा है कि भले ही कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत अच्छा ना रहे लेकिन इतना तो तय है कि उसके वोट प्रतिशत में इजाफा जरूर होगा। इन सबके बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश में बदलाव होना निश्चित है।



सचिन पायलट ने कहा कि महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार उत्तर प्रदेश में बढ़े हैं जिसकी वजह से यहां की जनता बेहाल है। उन्होंने कहा कि 32 सालों से जनता ने लगभग सभी पार्टियों को देखा है और अब कांग्रेस को मौका देना चाहते हैं। सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं, किसानों और युवाओं पर ध्यान केंद्रित किया है। जब 10 मार्च को परिणाम आयेंगे तो मुझे लगता है कि कांग्रेस की स्थिति बहुत बेहतर रहेगी और जनता उसे मौका जरूर देगी। सचिन पायलट ने पंजाब को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने राज्य में फिर से पार्टी की सरकार बनाने की उम्मीद जताते हुए कहा कि राज्य में विपक्ष बिखरा हुआ है और इनमें से कोई दल या गठबंधन बहुमत हासिल करने की स्थिति में नहीं है तथा ऐसे में लोग अपना वोट बर्बाद नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संवदेनशील सीमावर्ती राज्य पंजाब में शासन करने के लिए कांग्रेस सबसे योग्य है और आम आदमी पार्टी में यह करने की क्षमता का अभाव है। पंजाब और उत्तर प्रदेश के अलावा गोवा मणिपुर और उत्तराखंड में भी कांग्रेस को काफी उम्मीदें हैं। पायलट ने अपने बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की जमीन खिसक रही है जबकि बाकी राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि उत्तराखंड के लोग धामी सरकार की विदाई का मन बना चुके हैं जबकि गोवा में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के ही बीच में है। तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी कहीं भी दूर दूर तक भी प्रतिस्पर्धा में नहीं हैं। पंजाब को लेकर पायलट ने कहा कि पहली बार पार्टी की ओर से मतदाताओं के सामने स्पष्ट राय रखी गई है। इससे कार्यकर्ताओं के बीच भी साफ, अच्छा और प्रखर संदेश गया है।



# कांग्रेसियों ने निकाली शक्ति यात्रा

## महिला कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया

अयोध्या। प्रियंका गांधी जी के आवाहन पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में होने वाली "शक्ति यात्रा" के संदर्भ में आज अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी रीता मौर्या द्वारा शक्ति यात्रा निकाली गई। गांधी पार्क से गुलाब बाड़ी तक निकाली गई पदयात्रा में कांग्रेसियों का भारी हुजूम दिखाई पड़ा पूरी विधानसभा के सभी हिस्सों से आए कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पदयात्रा में पूर्व सांसद निर्मल खत्री जी तथा छत्तीसगढ़ से आये प्रवेक्षक अनूप नाग विधायक, राज्य मंत्री कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए पार्टी प्रत्याशी रीता मौर्या के साथ चल रहे थे। इसके पश्चात गुलाब बाड़ी पहुंचा कार्यकर्ताओं का हुजूम जनसभा में तब्दील हो गया वहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ने कहा पूर्व सांसद निर्मल खत्री ने कहा यहां दिख रहा कार्यकर्ताओं का उत्साह इस बात का प्रमाण है की अयोध्या की जनता विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट करने जा रही। श्री खत्री ने कहा किकि यूपी में युवा, किसान सब परेशान हैं। किसानों को फसलों का वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा। युवा जब परीक्षा देने पहुंचता है तो पेपर लीक हो जाता है। प्रभारी अयोध्या या विधानसभा विधायक अनूप नाग ने कहा खेतों में फसलें हैं लेकिन किसान चिंतित हैं। कारण फसल उगा लिए लेकिन दाम नहीं मिलेगा। खाद की किल्लत। किसान गन्ना फैक्ट्री में लाइन लगाकर रात रात जागते और भुगतान साल भर या दो साल में होता है। प्रदेश के किसान छुट्टा जानवरों से परेशान हैं ।

जिसके समाधान के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है। जिला अध्यक्ष शिवपूजन पांडे ने कहां इस सरकार में किसान नौजवान बेरोजगार छात्र सभी परेशान हैं यदि इस समय सरकार को नहीं बदला गया तो आने वाला समय हमें भयानक महंगाई और भुखमरी देने वाला होगा। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा हमें जनता का अपार प्यार और समर्थन मिल रहा निश्चित रूप से विधानसभा चुनाव का परिणाम कांग्रेस के पक्ष में होगा ।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कार्यकर्ता एकजुट हो पूरे मनोबल से लगे और पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराएं। इसके पश्चात शाम 3:00 बजे से टेढ़ी बाजार से नया घाट तक पार्टी प्रत्याशी रीता मौर्य के नेतृत्व में पद यात्रा निकाली गई इस यात्रा में भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लड़की हूं लड़ सकती हूं जैसे नारे लगाते हुए शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा उग्रसेन मिश्रा रामनरेश मौर्य उमेश उपाध्याय प्रवीण श्रीवास्तव संदीप यादव रिशु जय मंगल दास कुंवर अभ्युदय प्रताप सिंह शैलेंद्र पांडे महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष सविता यादव अशोक राय रामचरित्र मोरिया चंचल सोनकर अनूप मिश्रा जिओ हैदर बसंत मिश्रा विनोद गुप्ता डीएन वर्मा अनिल तिवारी आशीष यादव आदि सम्मिलित रहे।

# झंडा उखाड़ने को लेकर घर में घुसकर मारपीट

## एक नामजद सहित चार चार लोगों पर एफआईआर दर्ज

मिल्कीपुर–अयोध्या। इनायतनगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज बाजार के ब्लॉक मोड़ पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा उखाड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई।

जिसमें दो लोगों को चोटें आई हैं। भुक्तभोगी ने एक नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने व झंडा उखाड़कर फाड़ने सहित कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराया है। बताया गया कि रात करीब 9:00 बजे हैरिंग्टनगंज ब्लॉक मोड़ पर स्थित सूरज जायसवाल के घर पर चार युवक पहुंचे और भाजपा का झंडा लगाने को लेकर पूछताछ करने लगे। भुक्तभोगी सूरज जायसवाल ने बताया कि जब उसने खुद झंडा उखाड़ने से मना कर दिया तो मनबढ़ युवकों ने घर में घुसकर उनकी बुआ सुनीता सहित उसको मारा पीटा, तथा झंडा उखाड़ कर फाड़ डाला। घटना की सूचना पाते ही आस पास से तमाम लोग इकट्ठा हो गये और मामला तूल पकड़ने ही वाला था। किन्तु समाज के कुछ सम्भ्रान्त लोगों के प्रयास से मामला शांत हो गया। भुक्तभोगी सूरज जायसवाल ने यह भी बताया कि इन युवकों ने कहा कि ब्लॉक मोड़ पर केवल समाजवादी पार्टी का झंडा लगेगा, और किसी दूसरे दल का झंडा जो लगाएगा उसके साथ यही बर्ताव किया जाएगा। फिलहाल इनायतनगर इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि दो पक्षों में हल्की–फुल्की मारपीट हुई है। मामले में अम्बरीश कुमार पुत्र तुलसीराम सहित चार अन्य चिखड़ी गांव निवासी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके विवेचना की जा रही है।

# जनपद में मनाया गया खुशहाल परिवार दिवस

## 4800 महिलाओं को परिवार नियोजन की सेवाएँ दी गयी

अयोध्या। परिवार नियोजन के कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए जनपद में "खुशहाल परिवार दिवस" मनाया गया । जिसमें 4800 महिलाओं को परिवार नियोजन की सेवाएँ दी गयी । साथ ही नव विवाहित जोड़े एवं योग दंपतियों को आपसी सलाह मशवरा से परिवार नियोजन का कोई भी एक साधान अपनाने हेतु प्रेरित कर सेवा प्रदान किया गया । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अजय राजा ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समुदाय स्तर पर परिवार नियोजन को बढ़ावा देने, इसके प्रति जागरूकता लाने और इसकी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। परिवार नियोजन के कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए जनपद में "खुशहाल परिवार दिवस" मनाया गया । जिसमें योग्य दम्पतियों लगभग 4800 महिलाओं को परिवार नियोजन की सेवाएँ दी गयी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने बताया कि इसी क्रम में जनपद के 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया द्य कोविड–19 के नियमो का पालन करते हुए खुशहाल परिवार दिवस मनाया गया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच डॉ0 आरके सक्सेना ने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य समुदाय में परिवार नियोजन की जागरूकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाना है। परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए जनपद के सीएससी पीएचसी पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया , कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेगनेंसी एचआरपी वाली महिलाएं , लक्षित समूह में नव विवाहित दंपति को चिन्हित किया गया है। जिला महिला अस्पताल में जिला परिवार नियोजन महिला परामर्शदाता डॉ0 प्रियंका ने , जिला परिवार नियोजन महिला परामर्शदाता ब्लाक मसौधा की डॉ0 नीतू , खंडासा ब्लाक की डॉ0 दिव्या पांडेय ने गर्भवती महिलाओ को परिवार नियोजन के साधनों के प्रेरित किया तथा परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के उनकी काउंसलिंग की इस विशेष दिन पर प्रत्येक चिकित्सा इकाई में नए और ऐसे दंपति जिन्हें परिवार नियोजन अपनाना चाहिए, उनको प्रेरित करने के लिए उनकी मुलाकात परिवार नियोजन के स्थायी साधन अपनाने वाले संतुष्ट दंपति से कराकर उनके अनुभव की जानकारी दी जाती है ,ऐसी महिलाएं जिनका प्रसव एक वर्ष से कम समय पहले हुआ है और उनकी प्रसव की स्थिति उच्च संकट गर्भावस्था की रही है, ऐसे जोड़ों को खुशहाल परिवार दिवस पर बुलाकर उन्हें पोषण और परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया गया द्य साथ में कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते रहे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राम प्रकाश पटेल ने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस कार्यक्रम में दी गई सुविधाएं कंडोम– 8650 , आईयूसीडी–110, महिला नसबंदी– 20 , पीपीआईयूसीडी– 22 ,छाया– 1430, माला–एन 3840 कार्यक्रम में योग्य दम्पतियों लगभग 4800 महिलाओ को सेवा प्रदान की गई।

# डीएम–एसएसपी ने मतदेय स्थल का किया निरीक्षण

अयोध्या। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत एसएसपी शैलेश कुमार के साथ विधान सभा क्षेत्र मिल्कीपुर के मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय कुचेरा व प्राथमिक विद्यालय बारुन का निरीक्षण किया। मतदेय स्थल में चल रहे विद्यालय के कार्य को 26 फरवरी 2022 तक पूर्ण करने अथवा 26 फरवरी तक विद्यालय परिसर में रखे गए ईंट व अन्य निर्माण में सामग्रियों को हटाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विद्यालयों की रंगाई पुताई का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने तथा शौचालय व संपूर्ण विद्यालय परिसर को साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए। ईवीएम मशीनों को जमा कराने की तैयारियों का लिया जायजा –जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जीआईसी फतेहगंज में स्थापित जनपद के पांचों विधानसभाओं हेतु स्थापित स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण किया। इस दौरान ईवीएम मशीनों को जमा कराने हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया सुरक्षा के संपूर्ण इंतजाम समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। सुगमता पूर्वक ईवीएम मशीनों को जमा कराने तथा इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# चारा काट रहे युवक का हाथ मशीन में फंसकर कटा

कानपुर। घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के अमौर गांव में मवेशियों के लिए ट्रैक्टर के सहारे पुली से चल रही कटिया मशीन में चारा काट रहे युवक का हाथ मशीन के चपेट में आ जाने से कट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर बंद कर परिजन आनन फानन युवक को भीतरगांव सीएचसी ले गए जहां प्राथमिक उपचार कर गम्भीर हालत में हैलट रेफर कर दिया। अमौर गांव निवासी धर्मेद्र सैनी पुत्र जगदीश सैनी . सुबह घर के बाहर मैदान में ट्रैक्टर के सहारे पुली से चारा मशीन चला रहें थे। जिसमें धर्मेद्र मवेशियों के लिए चारा काट रहें थे। तभी युवक का हाथ अचानक चारा मशीन की चपेट में आने से कट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर को ज्यो त्यों बंद करने के बाद घायल अवस्था मे युवक को परिजन आनन फानन भीतरगांव सीएचसी ले गए जहां प्राथमिक उपचार कर गम्भीर हालत में हैलट रेफर कर दिया गया। साढ़ थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया जानकारी मिली थी। घायल को परिजन अस्पताल ले गए हैं।

# डायनोकैप 48 प्रतिशत ई0सी0 1 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर किसी एक रसायन का छिड.काव कर

उन्नाव। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रिय किसान भाई फरवरी माह में कृषि में किये जाने वाले कार्यो की संस्तुति की जाती है। गेहूँ– बुवाई के समय के हिसाब से गेहूँ में दूसरी सिंचाई बुवाई के 40–45 दिन बाद तथा तीसरी सिंचाई 60–65 दिन की अवस्था में कर दें। चौथी सिंचाई बुवाई के 80–85 दिन बाद बाली निकलने के समय करें। अनावृत कण्डुवे की रोगी बाली, जो खेत में जल्दी निकल आती है, दिखाई देते ही उसे निकाल कर जला दें। गेहूँ के खेत में चूहों का प्रकोप होने पर जिकं फास्फाइड से बने चारे अथवा एल्यूमिनियम फास्फाइड की टिकिया का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि मटर में बुकनी रोग (पाउडरी मिल्डयू) रोग की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टेयर 2 किग्रा घुलनशील गन्धक 80 प्रतिशत या ट्राइडोमार्फ 80 प्रतिशत ई.सी. 500 मिलीलीटर की दर से 500–600 लीटर पानी में घोलकर 12–14 दिन के अन्तराल पर दो छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि राई–माहू कीट की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टेयर मिथाइल–ओ–डिमेटान 25 ई. सी. 1 लीटर अथवा मोनोक्रोटोफॉस 36 प्रतिशत एस.एल. 500 मिली. 600–750 लीटर पानी में घोलकर प्रयोग करना चाहिए। आम– आम में खर्रा रोग (पाउडरी मिल्डयू) से बचाव के लिए माह के प्रथम पक्ष में घुलनशील गन्धक 80 प्रतिशत 2 ग्राम अथवा हेक्साकोनाजोल 5 प्रतिशत ई0सी0 1 मिली अथवा डायनोकैप 48 प्रतिशत ई0सी0 1 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर किसी एक रसायन का छिड.काव करें।

# मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस का स्वागत

जौनपुर। फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कालेज तालीमाबाद सबरहद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की मतदाता जागरुकता एक्सप्रेस वैन के महाविद्यालय पहुँचने पर स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारीगण डॉ. निजामुद्दीन, डॉ. अनामिका पांडेय, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. अमित कुमार गुप्ता व सूर्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. तबरेज आलम ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए आह्‌वान किया कि सभी लोग अपने अपने बूथों पर शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक करें। ताकि शाहगंज विधान सभा का वोटिंग प्रतिशत न केवल जनपद में बल्कि प्रदेश में सर्वाधिक हो ।अन्त में प्राचार्य ने एक्सप्रेस वैन को आगे के लिए रवाना किया।

# भाजपा के खिलाफ लामबंद हुई भारतीय किसान यूनियन

## सपा उम्मीदवारों को जिताने की किया अपील

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत जिला अध्यक्ष सूर्य नाथ वर्मा की अध्यक्षता में तिकोनिया पार्क में संपन्न हुई , पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को वोट न देकर सजा देना है और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा जारी पंपलेट को वितरित किया गया तथा पंपलेट को अक्षरशः पालन करने का निर्णय लिया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर रखने का दम समाजवादी पार्टी रखती है इसलिए भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर रखने के लिए समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों को जिताना होगा समाजवादी पार्टी के मुखिया द्वारा अपने घोषणा पत्र में भी किसानों की काफी समस्याओं का उल्लेख किया गया है। जिला अध्यक्ष सूर्यनाथ वर्मा व जिला प्रवक्ता फरीद अहमद ने कहा की सभी कार्यकर्ताध पदाधिकारी पूरे मनोयोग से जुट जाएं और भारतीय जनता पार्टी को सजा देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को वोट करें। संगठन विरोधी कार्यो में लिप्त और संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन के विपरीत कार्य करने वाले भाकियू कार्यकर्ताध पदाधिकारी अरविंद गोस्वामी, राम सुभावन भारती, राजमणि दुबे ,लल्लू उपाध्याय, प्रेम शंकर वर्मा सोहावल को एक माह हेतु निलंबित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है यदि 21 मार्च 2022 की पंचायत मे संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं आता है तो अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कार्यकर्ताओं को एकजुट करने हेतु विधानसभा वार पंचायत लगाई गई है। पंचायत में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भागीरथी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव, मुनीराम यादव ,जिला कोषाध्यक्ष देवी प्रसाद वर्मा, जिला संगठन मंत्री शोभाराम यादव, जिला सचिव रामप्रताप गुप्ता, दशरथ सिंह ,मोहम्मद इस्लाम, भोला सिंह टाइगर ,जिला सचिव सिद्धू भारती, शेषमणि वर्मा, डॉ आर एस सरोज,तहसील अध्यक्ष सोहावल राकेश वर्मा, तहसील अध्यक्ष बीकापुर संतोष वर्मा, तहसील अध्यक्ष मिल्कीपुर राजेश मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष रामू चंद विश्वकर्मा ,वेद प्रकाश पांडे, शिवराम शर्मा, दानिश खान, राम प्रकाश वर्मा, रामेंद्र प्रताप सिंह, कृष्णा वर्मा, राजमणि यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# फांसी लगाकर किशोरी ने की आत्महत्या

अयोध्या। अज्ञात कारणों से . दोपहर बाद 20 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर मोहल्ले के लोग दुखद घटना से स्तब्ध हैं। मिली जानकारी के मुताबिक कैंट कोतवाली अंतर्गत गुप्तार घाट निवासी 20 वर्षीय अंजली निषाद पुत्री सुभाष निषाद शाम करीब 04 बजे फांसी के फंदे पर झूल गई। इसके पीछे के कारणों का किसी कोई पता नहीं। घटना की जानकारी पर भाई प्रदीप निषाद शाम करीब 5:00 बजे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचा। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ विजय हरी आर्य ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवा दिया। जिसके कुछ समय बाद ही मृतका अंजलि निषाद के परिजनों द्वारा शव लेकर कर चले जाने की सूचना ड्यूटी पर तैनात फार्मेसिस्ट संजय गुप्ता द्वारा कोतवाली नगर पुलिस मेमो भेज कर दी गई है।

# आचार संहिता उल्लंघन में अब तक पांच पर एफआईआर

अयोध्या। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के तहत जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में पांच लोगों पर केस दर्ज हो चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि अब तक पांच मामले आचार संहिता उल्लंघन के आए जिन पर एफआईआर विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत दर्ज किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसी क्रम में जनपद में पब्लिक प्रापर्टी पर वाल राइटिंग, पोस्टर, बैनर आदि मामलों के तहत 37149 शिकायतों तथा प्रत्याशियों द्वारा सम्बंधित भवन स्वामी के अनुमति के बिना उनकी प्राईवेटधनिजी प्रापर्टी पर प्रचार की शिकायत के तहत 19361 मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को शांति, निष्पक्ष, भयमुक्त व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्व है। किसी भी प्रत्याशी व राजनैतिक पार्टी द्वारा किसी भी किस्म की अनियमितता व आचार संहिता का उल्लंघन तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन न किया जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# रामचन्द्र को जिताने में तोड़ दें पिछला रिकॉर्डः राजवीर सिंह

रूदौली–अयोध्या। मैं कल्याण सिंह का बेटा राज वीर सिंह हूं। जिन्होंने श्री राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी को ठोकर मार दी थी। जबकि आज लोग ग्राम प्रधान जैसे छोटे पद का त्याग नहीं करना चाहते हैं। बाबू जी ने इतना बड़ा त्याग कर राम जन्म भूमि आंदोलन का मार्ग प्रशस्त किया था। उक्त उद्गार रूदौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बहरास के मैदान में आयोजित जनसभा में सांसद राजवीर सिंह के हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राम चंद्र यादव के समर्थन में उमड़े जन सैलाब को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री स्व कल्याण सिंह के पुत्र सांसद राजवीर सिंह ने कहा कि इस बार आप सभी लोग पिछला रिकार्ड तोड कर रामचंद्र यादव को 62 हजार वोटों से जिताकर विधानसभा भेजें। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस सब साफ हो गए हैं। भाजपा सबका साथ सबका विकास की भावना से चाहे लोधी, ठाकुर, ब्राह्मण, वैश्य, दलित अल्पसंख्यक हो सबके साथ समान रूप से कम किया है। किसी के साथ भेदभाव नही किया है। राज वीर सिंह ने केंद्र व प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 42 लाख आवास, उज्जवला योजना के अंतर्गत गरीबों को 1लाख 50 हजार गैस कनेक्शन मुफ्त दिया। सांसद राजवीर सिंह ने कहा कि योगी और मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देश और प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है । समाजवादी पार्टी चाहती है कि गुंडे बदमाश फिर से शासन सत्ता में आए। आतंकवादियो की पैरवी कर उनके मुकदमे वापस लेकर सपा क्या संदेश देना चाहती थी। भाजपा सरकार बनाने के लिए आपको फिर से आतंकवादियों की पैरवी करने वाले दल से सचेत रहना है। इसलिए पुनः भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करना है। आने वाली 27 तारीख को आप सभी महिलाएं एवं पुरुष सबसे पहले मतदान करें। राजवीर सिंह ने कहा कि बाबू जी का रुदौली से काफी लगाव रहा है।इस कारण आप सभी अपना मत कमल के फूल को दें। प्रत्याशी रामचन्द्र यादव द्वारा जाने अंजाने में कोई गलती हो सकती है लेकिन राष्ट्र व समाज हित में भाजपा को वोट दे। इस अवसर पर विधायक व प्रत्याशी राम चंद्र यादव ने पुनः आशीर्वाद देने की अपील कर भाजपा को वोट देने की अपील की। इस दौरान शतींद्र शास्त्री, राजेश गुप्ता, राज किशोर सिंह, हिमांशु गर्ग, राजीव तिवारी, राम प्रेस यादव, बब्बन शुक्ला, राजेश वैश्य, दुर्गेश श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद थे ।

# आबकारी विभाग व थाना मौरावां की संयुक्तकार्यवाही

उन्नाव। विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में राजेश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा, प्रदीप कुमार मौर्य आबकारी निरीक्षक बीघापुर थाना मौरावां स्टाफ के साथ संयुक्त रूप से थाना मौरावां के ग्राम लच्छी खेडा, बरदहा, हिलौली में कई घरों में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान लगभग 220 लीटर कच्ची शराब व एक हीरो स्प्लेंडर काली सफेद रंग की मोटरसाइकिल नंबर यूपी 35 एएच 2866 बरामद करते हुए 02 अभियोग सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गये। बबलू पुत्र लल्लू निवासी लच्छी खेड़ा, शिवनारायण पुत्र सुखदीन निवासी छोटी गौरी को गिरफ्तार करते हुए थाना मौरावां में अभियोग पंजीकृत कराया गया। संगौली व भवानीगंज देशी शराब दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

# आचार संहिता उल्लंघन में प्रचार वाहन सीज

अयोध्या। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय के आदेशक्रम में विधान चुनाव 2022 के दृष्टिगत आचार संहिता के पालन कराने को पुलिस सख्त है। एएसपी ग्रामीण अतुल सोनकर के निर्देशन व सीओ सदर के प्रवेक्षण में महराजगंज थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह की टीम सघन जांच कर रही है। थाने के एसआई मुन्नीलाल चौधरी की टीम मया बाजार तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वाहन संख्या यूपी 42बीटी 6849 टेम्पो जिस पर पीछे चुनाव प्रचार का पोस्टर चिपका हुआ था व गाड़ी के ऊपर दो हार्न व गाड़ी मे एक मशीन रखकर बिना अनुमति के चुनाव प्रचार किया जा रहा था जो आचार संहिता का उल्लंघन की श्रेणी में मिलने पर केस दर्ज करते हुए सीज कर दिया गया।

# पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए बन रहे मैदान का दीपक मीणा ने किया निरीक्षण









दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारीध जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा तथा मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक पुलकित गर्ग द्वारा मतदान हेतु पोलिंग पार्टियों की रवानगी हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा निर्देश दिया कि विधानसभावार टेबल लगाकर पोलिंग पार्टियों को रवाना करेंगे जिससे किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया की पोलिंग पार्टियों की रवानगी हेतु कोविड हेल्प डेस्क स्थापित हो एंबुलेंस की व्यवस्था हो तथा खोया पाया केंद्र स्थापित कर ले तथा बैरिकेडिंग करा ले। जिससे किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। इसके साथ ही पोलिंग पार्टियों की रवानगी के समय वाहन लाइनों में खड़े रहने तथा वाहनों पर नंबर भी अंकित हो। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय उपस्थित थे। सिद्धार्थनगर 22 फरवरी 2022धविधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिए शिवपति इन्टर कालेज शोहरतगढ़ के एन.सी.सी. कैडेट द्वारा मतदाताओ को मतदान करने हेतु जागरूक किये जाने के लिए आयोजित रैली को जिला निर्वाचन अधिकारीधजिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त जागरूकता रैली राज्यस्थान धर्मशाला पर सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारीधजिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा की उपस्थिति मेंएन0सी0सी0कैडर द्वारा वाद–विवाद किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने सभी के प्रश्नो का जबाब उत्तर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नये मतदाता तथा अन्य उपस्थित लोगो से अपील करते हुए कहा कि आप लोग मतदान अवश्यक करे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवपति इन्टर कालेज शोहरगढ़ नलिनीकान्त मणि त्रिपाठी, तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# गौरा बाजार चौराहे पर लगाया रविन्द्र प्रताप उर्फ पप्पू चौधरी ने चौपाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मंगलवार को शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रविंद्र प्रताप उर्फ पप्पू चौधरी के समर्थन में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में पहुचे विधायक प्रत्याशी पप्पू चौधरी ने गौरा बाजार चौराहे पर संबोधन करते हुए कहा पूर्व मेरे विधायक रहते समय शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया था,आज वही सड़के गड्ढे में तब्दील है, विकास के नाम पर लूट मची रही, आज हमारे पिछड़े क्षेत्र में बाहरी प्रत्याशी का जमावड़ा बन रहा है, लेकिन शोहरतगढ़ की सम्मानित जनता



● जनता का मिला साथ तो होगे अच्छे कार्य-पप्पू
● गौरा बाजार में चौपाल को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी रविन्द्र प्रताप उर्फ पप्पू चौधरी वा अन्य

सब जानती है, मेरा उनसे अनुरोध है कि, बाहरी लोगों को समर्थन देकर अपनी साख खत्म न करें, हमारे विधायक रहते थाने की दलाली बन्द होगी, हमारीजनता को कोई प्रशासन नही कर सकता ईमानदारी से आप को सम्मान दिलाने का कार्य करूंगा, ना कि अपनी जागीर बनाऊंगा, हम एक है एक रहेंगे, क्षेत्र का विकास मेरा लक्ष्य होगा। बाहरी लोग अपनी धन के ब्लौलत आप को खरीदना चाह रहा है, फिर वह करहल, नोयडा दिखायी देंगे, ऐसे में हम एक बार फिर शोहरतगढ़ की समस्त जनता से अनुरोध करते है आप अपने मत का सहयोग कर अपनी सम्मान के लिये हमारा साथ दें। इसके बाद चिल्हिया, शिशहनिया, परसा मुतालिका, के चौपाल में भाग लिए। इस दौरान कांग्रेस जिला महा सचिव अतहर अलीम, कैलाश पंक्षी, कार्यक्रम संयोजक अशोक चौधरी, महेंद्र कुमार चौधरी, तुफैल अहमद, विनय कुमार, धनपाल यादव, अवधेश यादव, विनोद कुमार, जहीर, इश्तियाक अहमद,गंगाराम यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईवीएम की सीलिंग पैकेटिंग कर रहे राजस्व कर्मी



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आगामी 3 मार्च को होने वाले मतदान के लिए ईवीएम, बैलेट यूनिट, वीपी पैड की सीलिंग पैकिंग का कार्य जिला निर्वाचन कार्यालय शुरू हो गया है। कपिलवस्तु विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर विकास कश्यप सहायक रिटर्निंग आफिसर राम ऋषि रमन, बिन्द्रेश गुप्ता, माधुर्य यादव के देखरेख में जिला निर्वाचन कार्यालय में तहसील के सभी राजस्व कर्मचारियों द्वारा पोलिंग बूथो पर ले जाने के ईवीएम की सीलिंग पैकेटिंग की जा रही है।

# लीलावती देवी महिला महाविद्यालय में लगा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। स्वीप के अंतर्गत लीलावती देवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग के आतिथ्य में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया साथ ही साथ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को रोटरी क्लब के सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति में शत–प्रतिशत मतदान हेतु शपथ ग्रहण भी कराया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. वेद प्रकाश पांडेय द्वारा मतदान के महत्व को छात्राओं के समक्ष विस्तार पूर्वक बताया गया और यह अपेक्षा की गई कि सभी छात्राएं शत प्रतिशत मतदान कराने में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जाति धर्म लिंग क्षेत्र रिश्वत इत्यादि से ऊपर उठ कर राष्ट्र के विकास हेतु उचित प्रत्याशी को ही मतदान करेंगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संरक्षक बाल कृष्ण पांडेय, डॉ. सत्य प्रकाश, डॉ. महेन्द्र कुमार, संजीव कुमार, आशीष शुक्ल, डॉ.अनुपमा पांडेय, डॉ. प्रियंका राय, कर्मचारी राजेश शैलेन्द्र त्रिपाठी एवं छात्राएं, अभिभावक, क्षेत्र के सम्मानित जनता उपस्थित रहे।

# आज जनपद में होगा सांसद रवि किशन का रोड शो और कई जनसभाएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बुधवार को गोरखपुर के सांसद और फिल्म



अभिनेता रवि किशन भाजपा प्रत्याशियों के जीत के लिए जिले में रोड शो और लगभग आधा दर्जन जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष शुक्ला ने बताया कि सांसद रवि किशन बुधवार को गोरखपुर से चलकर सुबह 10रू45 बजे डुमरियागंज विधानसभा में प्रवेश करेंगे और वहां से भजपा प्रत्याशी राघवेंद्र प्रताप सिंह को जिताने के लिए 11 बजे बहेरिया में और 12 बजे चौखड़ा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर एक बजे इटवा विधानसभा के मेंन चौराहे पर प्रदेश सरकार के बेशिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी के लिए जनसभा करने के बाद भोजन करेंगे और वहां से बांसी के लिए बाई रोड प्रस्थान करेंगे। बांसी कस्बे में भाजपा प्रत्याशी राजा जय प्रताप सिंह के लिए वोट मांगने का उनका 3 बजे से जनसभा आयोजित है। फिल्म अभिनेता रवि किशन बांसी विधानसभा से लगभग साढ़े 4 बजे कपिलवस्तु विधानसभा के नगर पालिका क्षेत्र में रोड शो करेंगे और मेंन चौराहे पर भाजपा प्रत्याशी श्यामधनी राही के लिए जनसभा करेंगे।

# अपना दल के पक्ष में वोट मांग रहे समाजसेवी रवि अग्रवाल

## गठबंधन के अपना दल प्रत्याशी है विनय वर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। जैसे–जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही वैसे–वैसे अपने–अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए



उनके समर्थक व संगठन पदाधिकारी गांव–गांव, घर–घर जाकर सम्पर्क अभियान में तेजी ला रहे है। मंगलवार को शोहरतगढ़ नगर पंचायत बोर्ड के सभासद प्रतिनिधि व समाजसेवी रवि अग्रवाल व उनकी टीम ने शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में घर–घर जाकर सम्पर्क किया और भाजपा गठबंधन के अपना दल प्रत्याशी विनय वर्मा के पक्ष में कैलेन्डर, हैंडबिल आदि देकर उनके पक्ष में मतदान करने की बात कही। उन्होंने जनसंपर्क में यह भी कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के कारण एक बार पुनः उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है। लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। जनसंपर्क अभियान में प्रमुख रूप से प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर मौर्य, समाजसेवी सोनू महतो, प्रदीप वर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ होगी कार्यवाही

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के दृष्टिगत मतदाताओ अथवा लोक जनमानस मे प्रलोभनध्उतकौच देते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर नकदीध्साडीध कपड़ाध्शराब इत्यादि वितरित होने अथवा संज्ञान मे आने पर निम्न नंबर पर एस एम एस या काल करके तत्काल सूचित करेरू– टोल फ्री नंबर 1950 पर। अतिआवश्यक या गंभीर प्रकरण पर सीधे व्यय प्रेक्षक विधानसभा कपिलवस्तुध्शोहरतगढ़ धर्म सिंह मीणा मो न–9335209516ध7839880642 तथा मा व्यय प्रेक्षक विधानसभा डुमरियागंजध्इटवाध्बांसी गौरव कुमार जैन मो न–9335346118ध 7839880643 पर भी शिकायत दर्ज करा सकते है।

# महेंद्र नाथ को कांग्रेस का विधानसभा कोअश्वर्डिनेटर बनाए जाने पर दी गई बधाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश



अध्यक्ष अजय लल्लू के अनुमति से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव दिनेश सिंह ने गोला विकास खण्ड के परसिया मिश्र गांव निवासी कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ मिश्र को संगठन में उनके कार्यों एवम पार्टी के प्रति निष्ठा तथा जिलों में उनके संपर्कों को दृष्टिगत रखते हुए 328 चिल्लूपार विधानसभा का कोआर्डिनेटर बनाया गया है। इनके कोऑर्डिनेटर बनने पर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर खुशी जाहिर करते हुए दी बधाई। चिल्लूपार विधानसभा कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर श्री मिश्र ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तथा सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि मुझे विधानसभा कोऑर्डिनेटर का पद सौंपा गया है। मैं पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलजुल कर पार्टी को भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए जी जान लगा दूंगा और शीर्ष नेतृत्व के आदेशों का पालन करूगा।पदासीन किए जाने पर प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह प्रदेश महामंत्री त्रिभुवन नारायण मिश्रा जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान जिला उपाध्यक्ष तौकीर आलम जिला महामंत्री अनुराग पांडेय जिला महामंत्री अनिल सोनकर जिला सचिव गणेश मिश्रा अवधेश मणि त्रिपाठी सच्चिदानंद तिवारी अविनाश त्रिपाठी श्रवण यादव वरिष्ठ पं राम हरी राय जिला सचिव गणेश मिश्रा अनवर हुसैन गणेश पांडेय सहित आदि लोगों ने दी बधाई।

# प्रेक्षकगणों ने डीडीयू में पोलिंग पार्टी रवाना होनेवाले स्थानों का किया स्थलीय निरीक्षण



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। सामान्य निर्वाचन 2022 विधानसभा चुनाव के छठवे चरण में 3 मार्च को गोरखपुर की नौ विधानसभा कैंपियरगंज गोरखपुर ग्रामीण गोरखपुर शहर चिल्लूपार बासगांव खजनी चौरीचौरा सहजनवा पिपराइच मैं बनाए गए मतदान केंद्रों पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के बैडमिंटन हॉल वाणिज्य संकाय दीक्षा भवन, कला संकाय में बनाये गये स्ट्रांग रूम से सकुशल मतदान संपन्न कराने के लिए ईवीएम व वीवीपैट के साथ मतदान पोलिंग पार्टियों ईवीएम वीवी पैट सहित मतदान में उपयोगी स्टेशनरी तथा कोविड–19 से बचाव हेतु संसाधनों के साथ रवाना किया जाएगा उससे पूर्व प्रेक्षकगणों प्रेक्षक कान्तीलाल बाबूराव उमप पुलिस प्रेक्षक विपिन शंकर राव अखिर व्यय प्रेक्षक प्रदीप शौर्य आर्य ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह तथा स्वीपध्कार्मिकध सीडीओ इंद्रजीत सिंह के साथ निरीक्षण कर संबंधित को प्रेक्षकगणों ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे 3 मार्च 2022 को गोरखपुर जनपद में सकुशल मतदान संपन्न कराया जा सके।

# सफाई व्यवस्था ध्वस्त, सफाई कर्मी मस्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास/सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड लोटन के अंतर्गत ग्राम



पंचायत भेलौजी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है है जगह जगह नालिया चोक हो गयी हैं। नालियों में गंदगियों का अंबार लग गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सफाई कर्मी कभी कभी गांव में आते हैं। अगर आते भी हैं तो नालियों को ठीक तरह से साफ नही करते हैं।कोटा पूर्ती करके कगके जाते हैं। ग्रमीण नालियों की साफ–सफाई व्यवस्था को लेके काफी परेशान हैं। भारत सरकार जहां स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांव शहर को बिल्कुल साफ सुथरा रखने का दावा करती हैं। वहीं सरकार जिनके कंधों पर यह जिम्मेदारी दे रखी है । वही स्वच्छ भारत मिशन का सपना धूमिल करने पर लगे हैं। क्या इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन का सपना सरकार होगा। क्या गंदगी रहते हुए जान लेवा बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

## सम्पादकीय

**इन 3–4 सालों के दौरान एनएसई में ढेरों अनियमितताएं हुईं। कामकाज बड़े नाटकीय तरीके से हो रहे थे। बिना योग्यता वाले लोगों की उच्च पदों पर नियुक्ति एवं सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज से जुड़े सारे फैसले बाबा से ही पूछकर लिए जा रहे थे। शिकायत मिलने के बाद बाजार नियामक ने ...**

# विश्वास बहाली जरूरी

महामारी के कारण पटरी से उतरी अर्थव्यवस्था को संभलने का मौका मिल ही रहा था कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व प्रमुख चित्रा रामकृष्ण का मामला सामने आ गया। इससे निवेशकों में घबराहट हुई जिसका असर बाजार पर पड़ा। बाजार की अर्थव्यवस्था विश्वास पर टिकी होती है और इसी विश्वास को कायम रखने के लिए रामकृष्ण मामले की बहु एजेंसी जांच जारी है। रामकृष्ण का नाम तब सुर्खियों में आया, जब पिछले दिनों भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि उन्होंने हिमालय में विचरण करने वाले एक योगी के प्रभाव में आकर आनंद सुब्रमण्यन को एक्सचेंज में समूह परिचालन अधिकारी तथा प्रबंध निदेशक का सलाहकार नियुक्त किया। सेबी ने रामकृष्ण समेत संबंधित पूर्व अधिकारियों पर भारी जुर्माना लगाया। गौरतलब है कि बाजार मामले में एनएसई 70 फीसदी श्ऑपरेटिंग मार्जिन्य और भारत के पूंजी बाजार पर एकाधिकार के साथ दुनिया का सबसे बड़ा श्डेरिवेटिव एक्सचेंजय है। ऐसी महत्वपूर्ण संस्था की प्रमुख रहीं चित्रा किसी श्बाबाय के कहने पर फैसले लेती रही हों, यह बेहद चौंकाने वाला प्रकरण है। यही नहीं, आरोप ये भी हैं कि रामकृष्ण इस श्बाबाय के साथ ईमेल साझा करती थीं। वह इस श्बाबाय से नियुक्तियों, भविष्य की योजनाओं और एक्सचेंज के कामकाज के कई अन्य पहलुओं पर सलाह लेती थीं। गंभीर आरोपों और जांच प्रकरण के बीच रामकृष्ण, एक अन्य पूर्व सीईओ रवि नारायण और पूर्व समूह परिचालन अधिकारी आनंद सुब्रमण्यन के खिलाफ श्लुक आउट सर्कुलरय जारी किया गया है, ताकि उन्हें देश छोड़ कर भागने से रोका जा सके। जांच एजेंसी सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि एक निजी कंपनी के मालिक एवं प्रवर्तक ने एनएसई के अज्ञात अधिकारियों के साथ साजिश कर एनएसई के सर्वर का दुरुपयोग किया। यह आरोप भी लगाया है कि एनएसई, मुंबई के अधिकारियों ने वर्ष 2010 से 2012 के दौरान श्को–लोकेशनय सुविधा का दुरुपयोग करके कंपनी को अनुचित पहुंच उपलब्ध कराई। उक्त कंपनी स्टाक एक्सचेंज के सर्वर में सबसे पहले लॉगइन करने में सक्षम हो गई, जिससे उसे अन्य ब्रोकर से पहले डाटा हासिल हो गया।

असल में यह सारा मामला कोई एक–दो दिन या महीनों का नहीं है। पूरा प्रकरण है वर्ष 2013 से 2016 के बीच का। उस वक्त चित्रा रामकृष्ण एनएसई की सीईओ थीं। इन 3–4 सालों के दौरान एनएसई में ढेरों अनियमितताएं हुईं। कामकाज बड़े नाटकीय तरीके से हो रहे थे। बिना योग्यता वाले लोगों की उच्च पदों पर नियुक्ति एवं सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज से जुड़े सारे फैसले श्बाबाय से ही पूछकर लिए जा रहे थे। शिकायत मिलने के बाद बाजार नियामक ने जांच शुरू की और इस जांच को पूरे 6 साल लग गए। तमाम जांच प्रक्रिया के बाद पिछले दिनों सेबी ने 190 पन्नों का ऑर्डर जारी किया। इसके बाद सीबीआई ने चित्रा से पूछताछ की। सीबीआई के अलावा सेबी और एनएसई की भी अपनी जांच चल रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि पूरे मामले की गहन और सही दिशा में जांच होगी, और दोषियों के खिलाफ समुचित कार्रवाई भी। इसके साथ ही निवेशकों में पूर्ण विश्वास जगाया जा सकेगा ताकि बाजार की रफ्तार पर भविष्य में कोई श्बाबा ग्रहणय न लग पाए।

## बायो सीएनजी प्रोजेक्ट–स्वच्छ भारत और रोजगार सृजन के लिए एक बहुमुखी समाधान

गौरव केडिया

बायोगैस बायो सीएनजी एक अक्षय ऊर्जा उद्योग के रूप में उभर रहा है जो कृषि, औद्योगिक, पशु और नगरपालिका के जैविक कचरे को ऊर्जा में परिवर्तित करता है। देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के अलावा, यह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को विनियमित करने, प्रदूषण को कम करने और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार करने में भी मदद करता है। इंडियन बायोगैस एसोसिएशन के अनुसार, भारत में बायोगैस उत्पादन की 1,108 टीडब्ल्यूएच (टेरा वाट–घंटे) की क्षमता है, जिसे संशोधित करके बायो सीएनजी में बदला जा सकता है एवं ग्रीन फ्यूल की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। यह उद्योग श्रम प्रधान है व कुशल और अकुशल दोनों श्रेणियों में रोजगार के अवसर प्रदान कर सकता है। बायोगैस उद्योग तीन अलग–अलग श्रेणियों में रोजगार पैदा कर सकता है। रोजगार की पहली श्रेणी बायोगैस परियोजनाओं में प्रत्यक्ष रोजगार है, जिसमें फसल उत्पादन, निर्माण, बायोगैस संयंत्रों के संचालन और रखरखाव और परिवहन के लिए आवश्यक सभी जनशक्ति शामिल हैं। दूसरी श्रेणी बायोगैस ईंधन चक्रों में निवेश के कारण अर्थव्यवस्था में उत्पन्न अप्रत्यक्ष रोजगार है। अप्रत्यक्ष नौकरियां मुख्य रूप से सहायक उद्योगों जैसे उपकरण निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं, आदि में हैं। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अलावा, बायोगैस उद्योग में प्रेरित रोजगार पैदा करने की क्षमता है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से काम के अवसरों के माध्यम से राजस्व में वृद्धि के परिणामस्वरूप उत्पादों और सेवाओं की मांग में वृद्धि हो सकती है। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम 2.0) में एमएसडब्ल्यू से बायो सीएनजी बनाने को प्रोत्साहित किया गया है। एमओपीएनजी अपनी एसएटीएटी योजना के अंतर्गत जैविक कूड़े से बनने वाली बायो सीएनजी के लिए अनिवार्य रूप से खरीददता है। एमएसडब्ल्यू से बायो सीएनजी बनाना सर्कूलर इकॉनमी एवं वेस्ट टू वेल्थ का एक उत्कर्षट उदाहरण है, जो नगर निकायों को न सिर्फ जैविक कूड़े से मुक्ति दिलाएगा अपितु गैस की बिक्री से राजस्व भी अर्जित करेगा। इंडियन बायोगैस एसोसिएशन के अनुसार, भारत में मुखध्यतरू छोटे बायोगैस सयंत्रो का वर्चस्व है। देश में, 48,00,000 से अधिक बायोगैस इकाइयाँ हैं, जो अर्ध–कुशल और अकुशल दोनों तरह के श्रमिकों को रोजगार देती हैं। आने वाले वर्षों में संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, क्योंकि सरकार का जैविक खेती और नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर व्यापार को आगे बढ़ाएगा। 2018 में, भारत सरकार ने एसएटीएटी (सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टुवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन) योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य विभिन्न बायोमास स्रोतों से संपीडिघ्त बायोगैस उत्पादन के लिए एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। 2025 तक, एसएटीएटी पहल 5000 बड़े पैमाने पर बायोगैस सुविधाओं का निर्माण करना चाहती है। इन बायोगैस संयंत्रों को लगाने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अलावा, स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाएं भी एक स्थायी समाधान के रूप में बायोगैस का समर्थन करती हैं।

(लेखक अध्यक्ष, भारतीय बायोगैस एसोसिएशन हैं)

# टाटा ग्रुप को नए दौर में ले जाने की चुनौती

**हालांकि, इलेक्ट्रिक गाडियों और स्टील बनाने के लिए कम प्रदूषण की तकनीक को अपनाने पर काफी खर्च करना पड़ेगा। इसके लिए सरकार से सब्सिडी के साथ अरबों डश्लर का पूंजीगत निवेश करना होगा। टाटा ग्रुप में कई लीडर टाटा एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज से आए हैं। वे शायद ग्रुप को डिजिटल युग में ले जाने के लिए ठीक नहीं हैं क्योंकि उनके पास इसकी विशेषज्ञता नहीं है। इसके लिए नए...**

अरिजीत बर्मन

टाटा संस के बोर्ड ने पिछले हफ्ते एक प्रस्ताव पास किया। इसमें कहा गया कि एक ही व्यक्ति टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स का चेयरमैन नहीं हो सकता। इसके बावजूद इस बात में कोई शक नहीं कि दो तरह के शेयरध् ाारकों की उम्मीदों पर खरा उतरना टाटा ग्रुप में सबसे बड़े पद पर बैठने वाले के लिए अनोखी चुनौती है। वैसे, शेयरधारकों की उम्मीदों को पूरा करने के मामले में पिछले पांच साल से टाटा संस के चेयरमैन रहे नटराजन चंद्रशेखरन का रेकॉर्ड शानदार रहा है। चंद्रशेखरन अब इस पद पर पांच साल का अगला कार्यकाल शुरू कर रहे हैं। टीसीएस पर निर्भरताः टाटा संस के चेयरमैन मैराथॉन के शौकीन हैं। टाटा ग्रुप के सर्वोच्च पद पर उनका कामकाज किसी मैराथॉन ध् ाावक की तरह ही रहा है। जिस तरह से ये धावक आखिर के लिए दम बचाकर रखते हैं, वैसा ही चंद्रशेखरन भी कर रहे हैं। जब उन्होंने चेयरमैन पद की जिम्मेदारी संभाली थी, तब टाटा ग्रुप की अलग–अलग कंपनियों के बीच तालमेल की कमी थी। ग्रुप पर 40 अरब डॉलर का कर्ज था। चंद्रशेखरन ने पिछले पांच साल में ग्रुप को एक स्थायित्व दिया है। 2017 के बाद से टाटा ग्रुप की कंपनियों की मार्केट वैल्यू में 192 फीसदी की जो बढ़ोतरी हुई है, उससे भी इसमें मदद मिली है। इस बीच, चंद्रशेखरन ने जो पहल की हैं, उन्हें लेकर बहुत कुछ करना बाकी है। चंद्रशेखरन को 154 साल पुराने ग्रुप को मिलेनियल्स या यूं कहिए कि मेटावर्स युग के लिए तैयार करना होगा। टाटा ग्रुप के ट्रस्ट परोपकार के कामों पर जो पैसा खर्च करते हैं, उसका इंतजाम करने और टाटा संस में मिस्त्री परिवार की 18 फीसदी हिस्सेदारी को खरीदने की योजना भी उन्हें बनानी होगी। टीसीएस का ग्रुप की कुल मार्केट वैल्यू में अभी 59 फीसदी योगदान है। चंद्रशेखरन को टीसीएस पर इस निर्भरता को भी कम करना होगा। अगर पूरे ग्रुप में सिर्फ एक कंपनी से इतनी नकदी हासिल हो रही हो तो यह सवाल भी उठना लाजिमी है कि दूसरी कंपनियों में वेल्थ क्रिएशन हो रहा है या नहीं? टेक्नॉलजी की दुनिया में ऑटोमेशन का प्रयोग बढ़ रहा है। ऐसे में टीसीएस जैसी कंपनियां कब तक सस्ते श्रम का लाभ उठाकर बड़ा मुनाफा कमाती रहेंगी? इस बारे में भी उन्हें सोचना होगा। यह बात सही है कि चंद्रशेखरन टाटा ग्रुप के बिजनेस को साधने में कामयाब रहे हैं, लेकिन अभी भी ग्रुप की कंपनियों की संख्या घटाने और मार्केट वैल्यू बढ़ाने की काफी गुंजाइश है। अरबों डॉलर के निवेश के बाद मुकेश अंबानी के पास आज टेलिकॉम और रीटेल के रूप में दो बड़े वर्टिकल हैं। इसके साथ वह तीसरा बड़ा बिजनेस भी स्थापित करने की कोशिश में जुटे हैं। इसके तहत वह ऑयल और पेट्रोकेमिकल बिजनेस को ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में बड़ी ताकत बनाना चाहते हैं। वहीं, चंद्रशेखरन का अब तक का सबसे बड़ा दांव एक श्सुपर ऐपय रहा है। जो इलेक्ट्रॉनिक्स रीटेल, ग्रॉसरी, दवा, कंटेंट से लेकर पेमेंट तक की सेवाएं देगा। इस पहल को लेकर टाटा ग्रुप अभी भी संघर्ष करता हुआ दिख रहा है, जबकि कई नई कंपनियां और एमेजॉन, वॉलमार्ट और रिलायंस जैसे ग्रुप आगे बढ़ चुके हैं। श्सुपर ऐपय अभी तक तैयार नहीं है। इस पर काम जारी रहना चाहिए, लेकिन टाटा ग्रुप की ताकत वर्षों में बना फिजिकल नेटवर्क भी रहा है। सुपर ऐप की वजह से इस नेटवर्क से समझौता नहीं होना चाहिए। चेयरमैन बनने के बाद चंद्रशेखरन ने कुछ यूनिकॉर्न खरीदे हैं। जिन स्टार्टअप्स की वैल्यू 1 अरब डॉलर से अधिक होती है, उन्हें यूनिकॉर्न कहा जाता है। डिजिटल क्षेत्र में दबदबा बनाने के लिए इन्हें जोडने की चुनौती है। इन कंपनियों के साथ चंद्रशेखरन को ग्रुप में पहले से मौजूद फर्मों की ओर भी देखना चाहिए। उन्हें सोचना चाहिए कि इनका लाभ किस तरह से लिया जा सकता है? कैसे उन्हें फैसले करने की और आजादी दी जा सकती है? उन कंपनियों की मैनेजमेंट टीम पर चंद्रशेखरन को भरोसा करना होगा। अगर वह उन्हें इन्वेस्टमेंट बैंकरों और बाहरी कंसल्टेंट्स के भरोसे छोड़ देंगे तो वह मुनासिब नहीं होगा। और सुपर ऐप को कामयाब बनाने के लिए कम से कम दो ऐसे सेग्मेंट होने चाहिए, जिनका यूजर्स बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करें। ग्रॉसरी में यह काम बिग बास्केट के जरिये हो सकता है, लेकिन ऐसा कोई दूसरा बिजनेस नहीं है। टाटा फाइनैंशल सर्विसेज से यह कमी पूरी हो सकती थी, लेकिन ग्रुप ने काफी हद तक यह मौका गंवा दिया। कार से लेकर कॉफी तक के बिजनेस में होने के बावजूद टाटा ग्रुप डिजिटल क्षेत्र में विस्तार नहीं कर पाया है, जबकि उसके पास लाखों की संख्या में तो वेंडर और सप्लायर ही हैं। कंपनी की इलेक्ट्रिक गाडियों, ग्रीन पावर बिजनेस में एक तेजी दिख रही है। इसमें ग्रुप के अलग–अलग बिजनेस का फायदा एक दूसरे को हो रहा है। कंपनी को इस फॉर्म्युले को और भी अधिक बिजनेस में आजमाना चाहिए। खासतौर पर होटल और एफएमसीजी बिजनेस में। क्या डिजिटल बिजनेस को लेकर बनी रणनीति से टाइटन को दूर रखना ठीक होगा, जो ग्रुप का अपना ही कंस्यूमर ब्रैंड है। एविएशन में दिक्कतः कोरोना महामारी के कारण ग्रुप के होटल और एविएशन बिजनेस पर बुरा असर पड़ा है। एयर इंडिया के आने के साथ मुश्किल और बढ़ गई है। वैसे, ग्रुप के स्टील बिजनेस को कमोडिटी के दाम बढने का फायदा मिला है। इसके बावजूद स्टील और ऑटो बिजनेस पर अभी भी 30 अरब डॉलर का शुद्ध कर्ज है। वह भी ऐसे वक्त में, जबकि ईएसजी (एन्वायरनमेंटल, सोशल और गवर्नेंस) की मांग तेज हो रही है और उसका इन दोनों ही बिजनेस पर असर पड़ रहा है। इस कारण कंपनियों को कार्बन एमिशन में कटौती करनी पड़ी है।

# यूक्रेन को लेकर क्यों बने युद्ध जैसे हालात?

**चीन ने कूटनीतिक चाल चलते हुए पूतिन को विंटर ओलंपिक्स में बुलाया। यहां दोनों देशों ने संयुक्त बयान में कहा कि उनके संबंधों की कोई सीमा नहीं है। इसका मतलब यह है कि दोनों देश अमेरिका से लडने के लिए तैयार हैं, युद्ध चाहे यूक्रेन में हो या ताइवान में। इसी बीच, इमरान खान भी चीन पहुंचे। वह रूस की यात्रा भी करने वाले हैं। रूस, चीन और पाकिस्तान के बीच बनता यह नया समीकरण...**

मेजर जनरल अशोक कुमार (रि.)

रूस के लड़ाकू हेलिकॉप्टर यूक्रेन की सीमा से कुछ ही दूरी पर रविवार को उड़ान भरते हुए देखे गए। पश्चिमी देशों ने यूक्रेन में अपनी एंबेसी खाली कर दी हैं। कई एयरलाइंस वहां के लिए फ्लाइट्स रद्द कर चुकी हैं। इन हालात में भी तीन साल पहले चुने गए यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की रूस के साथ अच्छे रिश्तों की उम्मीद जता रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से उन्होंने रविवार को बात की और उन्हें अपने देश बुलाया। इस उम्मीद में कि वह आएंगे तो रूस के साथ तनाव कम करने में मदद मिलेगी। अमेरिका पहले ही अपने राजदूत वहां से बुला चुका है, इसलिए बाइडन शायद ही कीव जाएं।

नाटो से नाराजगी

अमेरिका ने चेतावनी दी है कि रूस कभी भी यूक्रेन पर हमला कर सकता है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति अभी भी उसी रणनीति पर कायम हैं, जिस पर वह महीनों से चल रहे हैं। वह लगातार कह रहे हैं कि घबराने की जरूरत नहीं है। इधर, रूस और रूस समर्थक सुरक्षा बलों ने यूक्रेन की घेराबंदी कर रखी है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने तनाव खत्म करने के लिए दो मांगें रखी हैं। पहली, यूक्रेन नाटो समूह में शामिल ना हो। दूसरी, पूर्वी यूरोप से नाटो की सेनाओं को हटाया जाए।

पहली नजर में ये मांगें ठीक लग सकती हैं, लेकिन मामला इतना सहज नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए इतिहास के पन्नों को पलटना होगा। बात द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत की है। तब जर्मनी और सोवियत यूनियन मिलकर दूसरों से जंग लड़ रहे थे। उन्होंने युद्ध की शुरुआत 1939 में पोलैंड से की। यह दोस्ती तब टूटी, जब हिटलर ने सोवियत यूनियन पर 22 जून 1941 को हमला कर दिया।

इसके बाद सोवियत यूनियन ने अपनी हिफाजत के लिए युद्ध किए। वह जर्मनी और उसके सहयोगियों के खिलाफ खड़ा हुआ। यह लड़ाई जापान में अमेरिका के एटम बम गिराए जाने के बाद जर्मनी और उसके सहयोगी देशों के समर्पण के साथ खत्म हुई। महत्वपूर्ण बात यह है कि द्वितीय विश्व युद्ध में साझी विजय के बावजूद अमेरिका और सोवियत यूनियन दो धड़ों में बंट गए। दोनों दुनिया में अपना–अपना प्रभाव बढ़ाने में जुट गए।

नाटो इसका एक माध्यम बना, जिसकी अमेरिका के नेतृत्व में 1949 में स्थापना हुई। इसमें पहले 12 देश शामिल थे– बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फ्रांस, आइसलैंड, इटली, लग्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, ब्रिटेन, और अमेरिका। 18 फरवरी 1952 और 6 मई 1955 के बीच तीन और देशों को नाटो में शामिल किया गया। इनमें पश्चिम जर्मनी भी शामिल था। इससे सोवियत यूनियन की चिंता और बढ़ी, क्योंकि पूर्वी जर्मनी सोवियत समर्थक था।

1955 में ही वारसा पैक्ट हुआ। यह समझौता अल्बेनिया (1968 तक), बुल्गारिया, चेकोस्लोवाकिया, पूर्वी जर्मनी, हंगरी, पोलैंड, रोमानिया और सोवियत संघ के बीच हुआ। अमेरिका और सोवियत संघ के बीच शीत युद्ध शुरू हो चुका था, जो समय के साथ बढ़ता चला गया। आज यूक्रेन की जो हालत है, उसे 1991 की घटनाओं से भी जोड़कर देखना जरूरी है। असल में, 1988 से सोवियत संघ का शुरू हुआ विघटन 26 दिसंबर 1991 को पूरा हुआ। तब सोवियत संघ टूटकर 15 देशों में बंट गया। इसमें सबसे बड़ा देश रूस है। 1991 में वारसा पैक्ट भी खत्म कर दिया गया।

1988 से 1991 के बीच जब सोवियत संघ विघटन की तरफ बढ़ रहा था, वहीं 1990 में पश्चिम जर्मनी और पूर्वी जर्मनी का विलय हो गया। माना जाता है कि इस विलय के समय मौखिक समझौता हुआ था कि नाटो अपना विस्तार पूर्वी यूरोप में नहीं करेगा, लेकिन पश्चिमी देशों ने यह वादा नहीं निभाया। वहीं, रूस में जब येल्तसिन ने 1999 में राष्ट्रपति पद से त्यागपत्र दिया तो पूतिन शुरू में कार्यवाहक और बाद में राष्ट्रपति बने। तब से लेकर आज तक वह रूस की शीर्ष सत्ता में हैं। कभी प्रधानमंत्री तो कभी राष्ट्रपति के रूप में।

पूतिन का रूस की शीर्ष व्यवस्था में इतने वर्षों तक रहना और उनके द्वारा रूस को केंद्र में रखते हुए सोवियत संघ के गौरवशाली इतिहास को पुनर्स्थापित करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। रूस ने 1994 के बाद तातरस्तान की स्थिति बदली। उसके बाद चेचन्या पर आक्रमण किया, जो शुरू में 1994 से 1996 तक चला, लेकिन पूतिन के सत्ता संभालने के बाद दोबारा 2000 में युद्ध शुरू हो गया। आज चेचन्या में रूस समर्थित सरकार है। 2014 में रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया, जो सामरिक रूप से रूस के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

यूक्रेन को आज पूतिन की सेना ने इसलिए घेरा है क्योंकि उसने नाटो में शामिल होने का निर्णय लिया है। 21 फरवरी 2019 में यूक्रेन ने अपने संविधान में बदलाव करके नाटो समूह में शामिल होने के अपने रास्ते को वैधानिक जामा पहनाया। इसकी अति तब हुई, जब जून 2021 में यूक्रेन को नाटो समूह में शामिल होने का रास्ता प्रशस्त होने लगा। यह शायद रूस के सुरक्षा हितों से सीधा संघर्ष था क्योंकि यूक्रेन को नाटो के सदस्य देश के रूप में मान्यता मिलते ही संगठन की दस्तक सीधे रूस के पश्चिमी किनारे पर होने वाली थी। गौरतलब यह भी है कि नाटो ने अपना लगातार विस्तार किया है। उसके लगभग 30 सदस्य देश हैं, जिनमें 10 वारसा पैक्ट में शामिल थे।

चीन की चालबाजी

यूक्रेन को लेकर टकराव बढने के बीच चीन भी अपनी चालें चल रहा है। ताइवान, पूर्वी लद्दाख और दक्षिणी चीन सागर में संबंधित मुद्दों पर घिरा चीन शायद इसी तरह के अवसर की तलाश में था। चीन ने कूटनीतिक चाल चलते हुए पूतिन को विंटर ओलंपिक्स में बुलाया। यहां दोनों देशों ने संयुक्त बयान में कहा कि उनके संबंधों की कोई सीमा नहीं है। इसका मतलब यह है कि दोनों देश अमेरिका से लडने के लिए तैयार हैं, युद्ध चाहे यूक्रेन में हो या ताइवान में। इसी बीच, इमरान खान भी चीन पहुंचे। वह रूस की यात्रा भी करने वाले हैं। रूस, चीन और पाकिस्तान के बीच बनता यह नया समीकरण भारत के लिए चिंता का विषय है।



## सड़क हादसे में पांच घायल

देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के करमैनी नाला के समीप दोपहर दो बाइक आमने–सामने भिड़ंत हो गई, जिससे पांच लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना क्षेत्र के हरपुर बिदवलिया गांव के रहने वाले अमित एवं गोविद बाइक पर सवार होकर रामपुर कारखाना की तरफ जा रहे थे, अभी वह कसया मार्ग पर करमैनी नाला के समीप पहुंचे थे कि देवरिया की तरफ से आ रही बाइक से आमने–सामने की भिड़ंत हो गई। उस बाइक पर तीन लोग सवार थे। दोनों बाइक पर सवार सभी पांच लोग घायल हो गए। इलाज के लिए डुमरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सक ने अमित व गोविद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## 13691 लोगों को लगाया गया कोरोनारोधी टीका

देवरिया। जिले में जिले में 422 केन्द्रों पर 13691 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। इस दौरान 670 लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई जबकि 2486 को प्रथम डोज व 3620 को दूसरी डोज लगाई गई। कोरोनारोधी टीका शहर से लेकर गांव तक लगाया जा रहा है। जिला महिला अस्पताल में टीका लगवाने के लिए भीड़ लगी रही। अभी भी लोग ऐसे हैं जो विभिन्न कारणों से टीका नहीं लगवा सके हैं। स्वास्थ्य विभाग के जागरूक करने के बाद भी लोग टीकाकरण से वंचित हैं। सीएमओ डा. आलोक पांडेय, एसीएमओ डा. सुरेन्द्र सिंह, डा. राजेन्द्र प्रसाद ने टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया और जहां भी कमियां मिली उसे दूर किया और लोगों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया।

## विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

देवरिया। रुद्रपुर कोतवाली के ग्राम जोगिया बुजुर्ग के प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोर उठा ले गए। इस मामले में प्रधानाध्यापक अजय कुमार राय की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पेड़ से टकराई बाइक, तीन घायलः देवरिया । देवरिया–बरहज मार्ग पर बैरिया तिवारी के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे बाइक सवार गोरखपुर जनपद के ग्राम सीधेगौर निवासी संदीप, तारक विश्वकर्मा , संजय यादव घायल हो गए। यह तीनों बाइक से अपने घर जा रहे थे। इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया।

## यूक्रेन में फंसा छात्र, स्वजन चिंतित

महराजगंज। नगर पंचायत आनंदनगर के निरालानगर निवासी एमबीबीएस छात्र नवीन शुक्ला यूक्रेन की राजधानी कीव में फंसा है। वह वहीं रहकर एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा हैं। वर्तमान समय में यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध जैसी स्थिति है। यूक्रेन की राजधानी कीव में अफरा–तफरी का माहौल हैं। छात्र के वहां फंसने से स्वजन चितित हैं। इस परिस्थिति में उनको समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करें, छात्र के पिता ने बताया कि यूक्रेन के बारे में आ रही टीवी पर खबरों से उनका परिवार भयभीत है। स्वजन के लोग छात्र के कुशल वापसी के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

## केंद्रों पर उमड़े लोग, 9650 को लगा टीका

महराजगंज। जिले मेंकोरोनारोधी टीका लगवाने और जांच को लेकर लोगों में उत्साह रहा। हर केंद्रों पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान 9650 लोगों को टीका लगाया गया और 2781 की जांच की गई। जिला महिला अस्पताल सभी सीएचसी सहित निर्धारित 40 स्थानों पर टीका और जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान टीका और जांच के लिए लोगों की कतार लगी रही। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि बृजमनगंज 83, धानी 20, घुघली 202, लक्ष्मीपुर 184, महराजगंज 140, मिठौरा 160, नौतनवा 440, निचलौल 296, पनियरा 160, परतावल 312, फरेंदा 182 , सिसवा 172, महिला अस्पताल में 210 लोगों की जांच की गई है। इसमें एंटीजन से 1463 की जांच की गई। आरटीपीसीआर जांच के लिए 1318 लोगों को नमूना भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों ने अभी द्वितीय डोज का टीका नहीं लगवाया है, वह टीका अवश्य लगवा लें।

## जिले में नौ मिले संक्रमित, पांच हुए स्वस्थ

महराजगंज। जिले में कोरोना को लेकर राहत भरी खबर है। अब कोरोना का प्रभाव धीरे–धीरे कम हो रहा है। नौ कोरोना संक्रमित मिले हैं, जबकि पांच रोगी स्वस्थ हुए हैं। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 14749 है। इसमें 14522 ठीक हो चुके हैं। अब तक 146 की मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान में सक्रिय रोगियों की संख्या घटकर 81 हो गई है।

## महंगाई पर लगाम लगाने में कांग्रेस ही सक्षम

महराजगंज। कांग्रेस का नारा लड़की हूं, लड़ सकती हूं के बैनर तले राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की अगुवाई में कांग्रेसियों ने पदयात्रा निकालकर वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार के नीतियों की निदा की। साथ ही कांग्रेस सरकार के चुनावी वायदों को भी जनता के बीच रखकर समर्थन मांगा। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वर्तमान सरकार में महिलाओं की स्थिति सम्मानजनक नहीं है। बेरोजगारी चरम पर है। इसको रोकने का सरकार के पास को नीति नहीं है। युवाओं के साथ खिलवाड़ हो रहा है। महंगाई ने आम जनमानस की कमर तोड़ दी है। महंगाई पर लगाम लगाने में कांग्रेस ही सक्षम है। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। पूर्व जिलाध्यक्ष झिनकू चौधरी, सरिता दुबे, गोपाल शाही, मु. रिजवान,गामा प्रसाद, नुरआलम, विनोद सिंह, अकील, विराज वीर अभिमन्यु,संतोष पांडेय,अमरीश शाही, अजय सिंह सैंथवार, राकेश, रानू सिंह, रामप्यारे प्रसाद, दीपचंद तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी निभाएं बुजुर्ग मतदाता

महराजगंज। समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने जिले के बुजुर्ग मतदाताओं से संवाद किया और लोकतंत्र के इस उत्सव में उत्साह के साथ भागीदारी करने का सुझाव दिया। जिलाधिकारी ने बुजुर्ग मतदाताओं से अपना वोट डालने के साथ–साथ परिवार के अन्य सदस्यों और पास–पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान से संबंधित अपने पुराने अनुभवों को साझा किया। बुजुर्ग मतदाता फरीदा बानो ने वोट के महत्व को बताते हुए तीन मार्च को वोट डालने का संकल्प लिया तथा मतदाता जागरूकता से जुड़ा गीत भी प्रस्तुत किया। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने भी सभी बुजुर्ग मतदाताओं को तीन मार्च को वोट करने का सुझाव दिया। जिलाधिकारी ने बुजुर्ग मतदाताओं को माला, शाल और मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने 102 वर्ष की जनकराजी और 101 वर्ष की तिलवासी को विशेष धन्यवाद दिया। सभी को मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने किया। स्वीप प्रभारी और जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय, एआर कोआपरेटिव सवींद्र सिंह, डीपीआरओ केबी वर्मा समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देवरिया में बढ़ी स्वास्थ्य सुविधाएं, खुला मेडिकल कालेज

देवरिया। जिले में पांच वर्ष में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ी हैं। जिले को मेडिकल कालेज की सौगात मिली। जिला अस्पताल समेत अन्य अस्पताल आक्सीजन प्लांट, उपकरणों से लैस हुए। ऐसे में कोरोना की किसी भी परिस्थिति से मुकाबला करने में अब स्वास्थ्य विभाग सक्षम है। 26 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के निर्माण के लिए शिलान्यास किया। 207 करोड़ के बजट से कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम ने कार्य शुरू कराया और 2021 में सभी भवन बनकर तैयार हो गए। एनएमसी की मान्यता के बाद मेडिकल कालेज में 85 छात्रों के दाखिले के बाद पढ़ाई भी शुरू हो गई है। देवरिया के अलावा कुशीनगर व बिहार के सीमावर्ती जिले के लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। सात आक्सीजन प्लांट लगे, नहीं होगी आक्सीजन की कमीः जिले में पांच वर्ष पूर्व एक भी आक्सीजन प्लांट नहीं थे। तीन वर्ष के अंदर सात आक्सीजन प्लांट जिले में लगाए गए हैं। जिसमें एमसीएच विग में तीन, जिला अस्पताल में एक, जिला महिला अस्पताल में एक, पीएचसी पिपरादौला कदम में एक, पीएची रुद्रपुर में एक आक्सीजन प्लांट लगा है और कार्य भी करना शुरू कर दिया है। ऐसे में बने कोविड एलटू अस्पताल के सभी बेड पर पर्याप्त आक्सीजन मौजूद रहे। जिले में अब आक्सीजन की कोई कमी नहीं होगी।

प्रतिदिन 2000 कोविड आरटीपीसीआर जांचः जिले के कोविड मरीजों के सैंपल को जांच के बीआरडी मेडिकल कालेज भेजना पड़ता था। ऐसे में मेडिकल कालेज में ही बीएसएल 2 लैब वर्ष 2021 में खोला गया। अब जिले के सभी कोविड सैंपल यहीं एकत्र किए जाते हैं और आरटीपीसीआर जांच के बाद उसकी रिपोर्ट चौबीस घंटे के अंदर मिल जाती है। जिले की उपलब्धियों में यह महत्वपूर्ण कड़ी है। इसका लाभ जिले के लोगों को मिल रहा है। एंटिजन टेस्ट के बाद जो भी आरटीपीसीआर जांच है, उसकी रिपोर्ट जल्दी मिलने से कोरोना संक्रमण को रोकने में काफी मदद मिली।

जिला अस्पताल में बढ़ी सीटी स्कैन व डिजिटल एक्स–रे की सुविधाः जिला अस्पताल में वर्ष 2018 में सीटी स्कैन व डिजिटिल एक्सरे की सुविधा बढ़ी। एक रुपये के सरकारी पर्चे पर यहां दोनों जांचें निश्शुल्क होती हैं। इससे गरीब मरीजों के इलाज में काफी सहूलियत मिली और बेहतर ढंग से इलाज मिल सका। टीबी के मरीजों व कोरोना में फेफड़े की सीटी में इन दोनों का जांच केंद्रों का योगदान काफी सराहनीय रहा। इसका लाभ जिले के लोगों को मिला।

वेंटीलेटर व आक्सीजन कंसंट्रेटर की मिली सुविधा

कोरोना की प्रथम लहर में जिले के पास एक भी वेंटीलेटर व आक्सीजन कंसंट्रेटर नहीं था। दो वर्ष के अंतराल में जिले में 62 वेंटीलेटर, 32 वाइपैप, एचएफएनसी ( हाई फ्लो नेजल कैनुला ) आठ, आक्सीजन कंसंट्रेटर 830 इस समय मौजूद है। सभी सीएचसी व पीएचसी में पर्याप्त आक्सीजन कंसंट्रेटर मौजूद है। कोई भी परिस्थिति हो उससे निपटने के लिए ये संसाधन पर्याप्त हैं।

तीन अस्पतालों में शुरू हुई आई सर्जरीः जिले में पहले सिर्फ जिला अस्पताल में ही आई सर्जरी होती थी। इसके लिए सीएचसी बरहज, सलेमपुर व तरकुलवा में आई की सर्जरी शुरू हो गई। अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत चिह्नित कर मरीजों के आंखों का आपरेशन यहां तीन वर्ष से किया जा रहा है। इन तीनों अस्पतालों में आपरेशन की सुविधा मिलने से ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को काफी लाभ मिल रहा है।

# दो लोग मिले कोरोना संक्रमित, 386 की रिपोर्ट निगेटिव

देवरिया। जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार काफी धीमी हो गई है। अब प्रतिदिन कोरोना जांच के बाद आने वाली रिपोर्ट में पाजिटिव का आंकड़ा दहाई का अंक भी तीन दिन से पार नहीं कर पा रहा है। जिससे स्वास्थ्य विभाग काफी राहत महसूस कर रहा है। आई कोरोना जांच दो संक्रमित मिले हैं, जबकि 386 की रिपोर्ट निगेटिव हैं। पाजिटिव आए लोगों को होम आइसोलेशन में ही भर्ती कर इलाज दिया जा रहा है। इसके साथ ही सक्रिय केस की संख्या अब 51 हो गई है। जिले में कोरोना संक्रमण कम होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग काफी सावधान व अलर्ट है। शहर से लेकर गांव तक लोगों को अभी भी कोरोना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग यह बताने में लगा है कोरोना संक्रमण कम हुआ है वह समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए सावधानी अति आवश्यक है। उधर लोग न तो मास्क लगा रहे हैं और न ही शारीरिक दूरी का पालन कर रहे हैं।ऐसे में संक्रमण को रोकना है तो कोविड नियमों का पालन करना होगा। स्वास्थ्य विभाग अधिक से अधिक कोविड की जांच करा रहा है। जिससे कोरोना के चेन को तोड़ने में काफी हद तक कामयाबी भी मिली है लेकिन लापरवाही परेशानी बढ़ा सकती है। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने कहा कि आज कोरोना के दो नए मामले आए हैं। दोनों मरीजों को होम आइसोलेशन में भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। कोविड से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण धीरे–धीरे कम हो रहा है।

# सेमरा चंद्रौली का सचिवालय बना आकर्षण का केंद्र

महराजगंज। परतावल विकास खंड के सेमराचंद्रौली गांव में बना सचिवालय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। आते–जाते राहगीर रुककर सेल्फी लेने में पीछे नहीं रहते। इस सचिवालय में एक सभागार भवन, सचिव, प्रधान व पंचायत सहायक के लिए अलग–अलग कमरे बने हैं। पंचायत भवन को आकर्षक ढंग से बनाया गया है। इसकी चहारदीवारी भी चमचमा रही है। रात के समय यह सचिवालय रंग बिरंगी लाइटों से जगमगा उठता है। ऐसे पंचायत घर की तस्वीर अब सुर्खियों में है , जिसे देखकर अब सभी यही आस कर रहे हैं कि उनके गांव का पंचायत घर भी इसी तरीके से चमचमाता हुआ वह नजर आए। पंचायत भवनों की स्थिति यदि चमचमाती हुई नजर आएगी तो ग्राम सभा स्तर पर विकास भी साफ तौर से नजर आएगा और पूरी ग्राम सभा विकास के कार्यों को बयां भी करेगी। प्रधान सचिन सिंह ने अपने गांव के खंडहर पंचायत भवन की तस्वीर ही नहीं बदल दी, बल्कि यह भी संदेश दे दिया , अगर इरादों में मजबूती हो तो हालातों को विकास के आड़े नहीं आने दिया जाता है। इनकी दीवारों पर लेखपाल सचिव समेत अन्य जरूरी फोन नंबर अंकित कराए गए हैं। अधिकारियों के मिलने का तय समय भी इस पर लिखा जाएगा। तय समय पर संबंधित अधिकारी को पंचायत भवन में आकर बैठना अनिवार्य होगा। सचिव प्रियंका पटेल ने बताया कि सचिवालय का जीर्णोद्धार 8.40 लाख से हुआ है। सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि सेमरा चंद्रौली का सचिवालय पूरे जिले के लिए नजीर है।

# बेहतर शिक्षा और रोजगार देने वाली हो सरकार

महराजगंज। विधानसभा चुनाव जोर पकड़ने लगा है। हर तरफ प्रत्याशी अपने वायदों के माध्यम से मतदाताओं के बीच पहुंचकर अपने प्राथमिकता को बता रहे हैं। पिछली सरकार में कानून व्यवस्था से लेकर और व्यवस्था भी बेहतर हुई, लेकिन नई सरकार से भ्रष्टाचार पर रोक और युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार की आस है।

यह बातें दुर्गेश नंदिनी वशिष्ठ नारायण महाविद्यालय सोहरौना तिवारी में आयोजित चुनावी चौपाल को संबोधित करते हुए प्राचार्य मनीष मिश्र ने कही। चुनावी चौपाल में छात्रों ने भी खुलकर अपनी बात रखी। दोपहर की पढ़ाई के बाद छात्र–छात्राएं बरामदे में बैठकर आपस में चुनावी चर्चा करने लगे। राजन गुप्ता ने कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रही है। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने के क्रम में अथक प्रयास हो रहे हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में यह परवान नहीं चढ़ पा रही है। नेहा वर्मा ने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए संयोजन होना अति आवश्यक है, जबकि सोनम ने कहा कि चुनाव आते हैं तो नीति–नियमों और कानूनों की बात होती है, लेकिन उसके बाद सब भूल जाते हैं। अंकिता त्रिपाठी ने कहा कि सरकार को बेसिक शिक्षा को ठीक करना चाहिए। स्कूल कालेजों में शिक्षा का एक स्तर होना चाहिए। क्वालिटी शिक्षा के साथ ही बेहतर संसाधन और माहौल होना चाहिए। प्रतिभा ने कहा कि चुनाव के दौरान किए वादे बाद में हवा–हवाई हो जाते हैं। जरूरत है कि इन वायदों को हकीकत में बदलें और प्रत्येक नागरिक तक लाभ पहुंचाएं। शुभम पटेल ने कहा कि अब बिजली व्यवस्था बहुत ही अच्छी हुई है, जिससे हम सभी की पढ़ाई ठीक ढंग से हो रही है। चुनावी चौपाल में छात्रा सत्या, जूही, प्रतिभा के अलावा शिक्षक अजय सिलंकुर, रमेश सक्सेना, विवेक शुक्ला, संजय पटेल, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार, अजय गौतम , रामचंद्र मणि, सुप्रिया त्रिपाठी, वंदना चौधरी आदि शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया।

## वाईएसी टीम ने बालाजी क्रिकेट एकेडमी को हराया

महराजगंज। आइटीएम मतदाता जागरूकता क्रिकेट ट्रॉफी के दूसरे दिन का पहला मैच बालाजी क्रिकेट एकेडमी और वाइएसी के बीच खेला गया। जिसमें वाइएसी ने बालाजी क्रिकेट एकेडमी को आठ विकेट से हरा दिया। इस दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि डा. शाल्वी व महराजगंज क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव विध्यवासिनी सिंह खिलाड़ियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। टास जीतकर बालाजी क्रिकेट एकेडमी फरेंदा ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 10 विकेट गंवाकर 123 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाइएसी टीम ने मात्र 2 विकेट गंवाकर 11 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। प्रतियोगिता में शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने के मामले में अजय कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

## मतदान कराने को लेकर प्रशिक्षित हुईं पोलिग पार्टियां

महराजगंज। विधानसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में दूसरे दिन भी आइटीएम चेहरी में पोलिग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान 39 कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिन्हें चेतावनी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व को सभी की सहभागिता से ही निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कराया जा सकता है। पोलिग पार्टियां अपने दायित्वों को समझें और उसी के अनुसार कार्य करें। प्रशिक्षण शिविर में प्रथम पाली में पोलिग पार्टी संख्या 407 से 608 तक और द्वितीय पाली में पोलिग पार्टी संख्या 609 से 760 तक, कुल 1216 मतदानकार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान पीठासीन, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, तृतीय मतदान अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर शामिल रहे। मतदानकार्मिकों को मौखिक और पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देने के अतिरिक्त नाट्य रूपांतरण द्वारा भी मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। अनुपस्थित कार्मिकों को 27 तक प्रशिक्षण लेने का आदेश जारी किया गया। पीडी राजकरन पाल, जिला विकास अधिकारी जगदीश त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम के कार्यक्रम को लेकर डीआइजी ने किया दौरा

महराजगंज। महराजगंज में विधानसभा चुनाव के तहत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर डीआइजी जे रविद्र गौड़ ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। उन्होंने हेलीपैड व जनसभा स्थल से लेकर विश्राम गृह व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। डीआइजी ने एसपी प्रदीप गुप्ता को कार्यक्रम के दिन यातायात व्यवस्था से लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी विचार विमर्स कर आवश्यक निर्देश दिए। दोपहर कार्यक्रम स्थल जिला स्पोर्ह्ट्स स्टेडियम पहुंचे डीआइजी ने सर्वप्रथम हेलीपैड का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के दिन सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएंगे। एक दिन पूर्व ही पीएम की सुरक्षा के लिए एनएसजी कमांडो भी पहुंच जाएंगे। पार्किंग के लिए शहर का पीजी कालेज ग्राउंड व मंडी स्थल में व्यवस्था की जाएगी। जाम न लगे इसको लेकर शिकारपुर, परतावल, सिदुरिया, झनझनपुर, पकड़ी और फरेंदा में ही बड़े वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार, सदर सीओ अजय सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# एसबीटी पब्लिक स्कूल में बॉब भाषण व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

### मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना उत्प्रेरित करती हैः चेयरमैन एनएन त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

देवरिया। देवरिया क्षेत्र के गौरी बाजार बिशुनपुरा बखरा में स्थित एसबीटी पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के क्रम में मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा भाषण व वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने हुनर को दिखाया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन व मुख्य अतिथि के रुप में आए बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । तत्पश्चात एक के बाद एक प्रतिभागी आए और मातृभाषा का महत्व,आत्मनिर्भर भारत,कोविड–19, प्रदूषण विषय पर अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए। सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप विषय पर भी छात्र–छात्राओं ने वाद –विवाद के माध्यम से अपने विचार रखे । इस प्रतियोगिता के अंत में आयोजक मंडल द्वारा प्रिया कुमारी को प्रथम ,तान्या सिंह को द्वितीय ,आकांक्षा यादव व अनुष्का चौहान को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया । साथ ही वाद–विवाद प्रतियोगिता में भी हिमांशु व उनके टीम को प्रथम पुरस्कार के रुप में संयुक्त ट्रॉफी प्रदान की गई तथा सूफिया व उनके टीम को द्वितीय पुरस्कार के रुप में संयुक्त ट्राफी प्रदान की गई वहीं शिफा को वाद विवाद में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीओबी के तरफ से आए प्रबंधक राजभाषा राहुल प्रसाद ने मातृभाषा के महत्व को समझाते हुए बच्चों की सराहना की तथा प्रोत्साहन भी दिया। विद्यालय के चेयरमैन एम एन त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे ही हमारे रीढ़ हैं। इनके अंदर जैसा संस्कार होगा वैसा ही इनका भविष्य होगा। मातृभाषा की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अन्य भाषाओं के साथ–साथ अपने मातृभाषा के महत्व को भी समझना चाहिए। इसके लिए हमें जागरूक रहने की आवश्यकता है।इसी से हमारा सर्वांगीण विकास हो सकता है। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के सभी अध्यापक, कर्मचारी व बच्चे मौजूद रहे। जिसमें उप प्रधानाचार्य एसपी बिंद, प्रशासक दिवाकर पांडे, अबू दानिश, अंबरीश त्रिपाठी, संजय कुमार, आनंद विश्वकर्मा, अंबरीश सिंह ,मणिंद्र शुक्ला, अरुण शर्मा, रणविजय, अखिलेश त्रिपाठी, अंबा त्रिपाठी, सीमा राय, बबलू उपाध्याय इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# जनपद सोनभद्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए संगठन है प्रतिबद्ध:सौरभ कान्त पति तिवारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। युवा कल्याण विभाग उ0 प्र0 सरकार द्वारा संचालित संगठन युवकध्महिला मंगल दल एंव युवा सामाजिक संगठन युवा भारत की बैठक वेबिनार के माध्यम से की गई। जिसमे निर्णय लिया गया कि संगठन द्वारा जनपद सोनभद्र की चारो विधानसभा सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। युवा भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव उत्तर प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कान्त पति तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा विगत पंद्रह वर्षों से लोक सभा, विधानसभा एंव पंचायती चुनाव में संगठन के साथियों के द्वारा पूरे जनपद के सभी विकास खण्डों में निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप जिला प्रशासन के साथ व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता आई और कुछ मतदान प्रतिशत भी बढ़ा। तिवारी ने कहा कि हमारा जनपद आदिवासी और पिछड़ा होने के नाते लोगों में थोड़ी जागरूकता की कमी है, जिसके कारण लोग अपने मत के महत्व को नही समझ पाते। इसलिए हम युवाओं का यह कर्तव्य बनता है कि ग्रामीणों के बीच जाकर व्यापक स्तर पर मतदाताओं को जागरूक किया जाए और उनके मत का महत्व उन्हें समझाया जाये। जिससे इस लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाया जा सके। वहीं युवक मंगल दल के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दीक्षित एंव मतदाता जागरूकता अभियान के जिला प्रभारी नवीन सिंह ने कहा कि युवकध्महिला मंगल दलों के माध्यम से हम इसबार अपने जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाये और अपने जनपद का मान बढ़ाये जिससे हमारे जनपद के जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी की मेहनत भी सफल हो सके और हमारे जनपद नाम एक जागरूक जिले में शुमार हो सके। उन्होंने बताया कि कल दिन बुधवार से मतदाता जागरूकता अभियान की सुरुआत की जाएगी। प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता रैली एंव सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा। वेबिनार के माध्यम से हो रही बैठक में चंद्रभान गुप्ता, अजय केशरी, अजित पटेल, ओम प्रकाश पटेल, सन्तपति मिश्रा, इमरान अंसारी आदि ने अपना विचार व्यक्त किया।



# निराश्रित बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के लिए प्रस्ताव आमंत्रितः पुनीत टंडन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सोमवार को जिला प्रोबेशन अधिकारीधजिला बाल संरक्षण अधिकारी पुनीत टंडन ने बताया कि जिले में निराश्रित, उपेक्षित एवं आवश्यकता वाले बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के उद्देश्य से बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास के क्षेत्र में कार्यरत पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त संस्थाओं एवं व्यक्तियों से किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 51 के साथ पठित नियम 2016 की धारा 27 के तहत उपयुक्त सुविधा एवं धारा 52 के साथ पठित नियम 2016 की धारा 28 के तहत उपयुक्त ब्यक्ति रूप में चयन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। इच्छुक संस्थाएं एवं व्यक्ति अपना प्रस्ताव दिनांक 14 मार्च 2022 की सायं 5.00 बजे तक विशेष पत्र वाहक या पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला प्रोवेशन अधिकारीध जिला बाल संरक्षण अधिकारी, कलेक्ट्रेट सोनभद्र को प्रेषित कर सकते हैं।शासनादेश एवं आवेदन पत्र की प्रतिया कार्यालय से निरूशुल्क प्राप्त की जा सकती हैं इसकी प्रति जनपद की एन०आई०सी० की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है प्राप्त प्रस्ताव का चयन जिला स्तर पर गठित कमेटी द्वारा किया जायेगा, प्राप्त प्रस्ताव के चयन में जिलाधिकारी सोनभद्र का निर्णय मान्य होगा।



पुनीत टंडन
(जिला प्रोबेशन अधिकारी/ जिला बाल संरक्षण)
अधिकारी

# वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के कमिशिंनग, कैंडिडेट सेटिंग कार्य कि प्रेक्षकगण में किया निरीक्षण

**चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियोंअभिकर्ता की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवीपैट कमिशिंनग कार्य हुआ प्रारंभ**





दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के दृष्टिगत चुनाव आयोग द्वारा नामित इंजीनियरो द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट के कमिशिंनग एवं कैंडिडेट सेटिंग इत्यादि कार्य चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों या उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस बलरामपुर में पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रारंभ हुआ।

इस दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट कमिशिंनग कार्य का विधानसभा वार प्रेक्षक तुलसीपुर तरुण कुमार मुखोपाध्याय, प्रेक्षक बलरामपुर के०एस० श्रीनिवास प्रेक्षक गैसड़ी मोहित बुदांस, प्रेक्षक उतरौला राजेश शर्मा द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट के कमिशिंनग एवं कैंडिडेट सेटिंग कार्य का निरीक्षण किया गया प्रेक्षक द्वारा इंजीनियर से कमिशिंनग कार्य की संपूर्ण जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपरजिलाधिकारी रामअभिलाष समस्त रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर गैसड़ी बलरामपुर उतरौला, उप जिलाधिकारी ज्योति सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभारी अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट निलेश प्रताप सिंह व अन्य संबंधित अधिकारीध कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बल्लीपुर में हुई हत्या या आत्महत्या मे पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद मुख्यालय से सटे ग्राम बल्लीपुर में एक जमीन के मामले को लेकर 6 महीने से दो पक्षों में चल रही खींचतान अंततः हत्या या आत्महत्या मे बदल गयी और दुखहरण पुत्र अलखराम उम्र 35 वर्ष निवासी रेवती पुरवा की बल्लीपुर स्थित ग्राम के खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए बताया जाता है कि मृतक व उसके परिवार उक्त जमीन हेतु लगातार पुलिस और थाने का चक्कर लगा रहे थे इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा कुछ दिन पहले मृतक के भाई को 3 दिन थाने पर जबरन बैठाए रखा तथा उससे खरीदी गई जमीन विपक्षी को वापस करने का दबाव बनाते रहे तरह तरह की यातनाएं देते रहे और जब विपक्षी लल्लू यादव अतवारी यादव गुड्डू यादव मुंशी दामोदर विजय रामसेवक को इसमें भी कामयाबी नहीं मिली तो अंततः वादी दुखहरण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई घटना में प्रत्यक्षदर्शियों व परिवारिक बयानों के आधार पर पूरी घटना में स्थानीय पुलिस की ही भूमिका संदिग्ध है ऐसे में पुलिस क्षेत्रअधिकारी से ऊपर अधिकारियों से घटना की निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की आवश्यकता है अन्यथा अगर मामले को हल्के में लिया गया तो पीड़ित न्याय से वंचित रह जाएंगे इस संदर्भ में क्षेत्रअधिकारी नगर वरुण मिश्रा ने भी घटना को संदिग्ध मानते हुए पोस्टमार्टम से पहले कुछ कहने से बचते रहे।





# घोरावल विधानसभा मे शत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल विधानसभा चुनाव में प्रत्यासियों की अंतिम सूची के आने के बाद प्रत्यासियों द्वारा अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए जुट गये हैं। वहीं घोरावल तहसील प्रशासन उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित कर रहा है। घोरावल विधानसभा में आम आकड़ो कि बात करें तो महिला मतदाताओं की संख्या 184016 है। वहीं पुरुष मतदाताओं की संख्या 207797 है।कुल मिलाकर 391813 मतदाताओं की ओर सभी प्रत्यासियों की निगाहें टिक गई है। बताते चलें कि घोरावल विधान सभा में 276 ग्राम पंचायतें हैं। साक्षरता दर 61.7 प्रतिशत जिसमें 49.83 प्रतिशत महिलाओं की और 69. 42 प्रतिशत पुरुषों की साक्षरता दर है। 2011 की जनगणना के अनुसार विधानसभा में कुल 533528 जनसंख्या थी जो अब एक अनुमान के अनुसार 658329 हो चुकी है। बताते चलें कि घोरावल विधान सभा का अस्तित्व वर्ष 2017 में आया था। इसके पहले यह क्षेत्र राजगढ़ विधानसभा के नाम से जाना जाता था। घोरावल तहसील का अस्तित्व 2 अक्टूबर 1997 में आया। जिसके बाद स्थानीय क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिली। आगामी 7 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए घोरावल उपजिलाधिकारीधरिटर्निंग आफिसर रमेश कुमार अपनी पुरी टीम के साथ शत प्रतिशत वोट करने के लिए लोगों के बीच जा रहे हैं।

और उनको प्रेरित कर रहे हैं। इसके पूर्व उन्होंने एक मीटिंग नगर पंचायत सभागार में रखकर स्कूलों,कॉलेजों और समाजसेवियों,व्यापारियों को अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए अपील भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि घोरावल विधान सभा में मतदान का रिकॉर्ड बनाना है। वहीं अब मतदान को लेकर आम जनमानस में उत्साह देखा जा रहा है।



# चिंतन दिवस पर छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। चिंतन दिवस के अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कंपोजिट पूर्व मा. विद्यालय अलहलादपुर, नगर क्षेत्र के नगर शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के पूर्व स्काउट गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। जिला गाइड कैप्टन प्रतिमा शुक्ला द्वारा मतदान शपथ ग्रहण कराया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता दूबे द्वारा सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। रैली में एस.आर. राकेश दूबे, शिक्षक नवीन दुबे, सूक्ष्मा त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



# स्कूल और अस्पताल बनवाने हो तो आम आदमी पार्टी को वोट दे देना : अरविंद केजरीवाल

## कोरोना में योगी ने पूरे देश की नाक कटवा दी : सीएम केजरीवाल'

लखनऊ |आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को खलीलाबाद और बस्ती की जनसभाओं में खुलकर भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने बस्ती में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीजेपी वाले कह रहे हैं औरतें बिगड़ जाएंगी हजार–हजार रुपये दे दिये इनको तो। उन्होंने कहा कि अगर तुम न बिगड़े। इतने पैसे डकरा गये तुम लोग, खा गये सरकार के पैसे, लूट लिया सरकार को तुम नहीं बिगड़े। बताओ इनको क्या तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था भी खराब है उसको भी हम सरकार में आने के बाद ठीक करेंगे।

अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लुटेरे हैं केवल पैसा खाने जानते हैं, मैं न खाता हूं न किसी को खाने देता हूं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनसभा में उमड़ी भीड़ को देखकर कहा कि मुझे लगता है बस्ती और खलीलाबाद की विधनसभाओं के नतीजे तो आज ही आ गये। उन्होंने खलीलाबाद में कहा कि मुझे लगता है यहां की जनता ने छोटे भाई आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुबोध यादव को विधायक बनाने का निर्णय आज ही कर लिया है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में बहुत बड़े–बड़े काम किये हैं। सरकारी स्कूल शानदार कर दिये। ढेरों नए स्कूल बनाए हैं। उन्होंने जनता से पूछा यहां योगी ने कितने स्कूल बनाए हैं। हमारे यहां एक जज का, अफसर का, मजदूर का बच्चा एक ही डेस्क पर बैठकर पढ़ते हैं। बाबा साहब के अम्बेडकर के सपने को दिल्ली की सरकार ने पूरा किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा बाबा साहब के अधूरे सपनों को केजरीवाल पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमने सरकारी स्कूल बनाए, मोहल्ला क्लीनिक बनाए। बीमारी की इलाज का पैसा भी दिल्ली की सरकार देती है। ये केवल आम आदमी पार्टी की सरकार कर सकती है। 24 घंटे बिजली और फ्री बिजली कर दी। यूपी में होना चाहिये या नहीं। आम आदमी पार्टी ही कर सकती है। उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार बनेगी तो हर महिला को महीने में एक हजार रुपये देंगे। यूपी में रोजगार देंगे। जब तक रोजगार नहीं मिलता बेरोजगारी भत्ता देंगे।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछली बार भाजपा ने कहा कब्रिस्तान बन रहे हैं तो शमशान घाट भी बनने चाहिये। भाजपा ने शमशान घाट बहुत बना दिये अब अगर स्कूल और अस्पताल बनवाने हो तो आम आदमी पार्टी को वोट दे देना। भाजपा पर तंज कसते हुए दिल्ली के सीएम ने कहा कि ये केवल शमशान बना सकते हैं और शमशान घाट में मारमार कर भेजने का भी इंतजाम कर देते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय कितने लोग मरे थे उत्तर प्रदेश में। नदी में लाशे बह रही थीं पूरी दुनिया ने देखा। जितनी बदइंतजामी योगी की सरकार ने करी देश का मुंह नीचा हो गया। नाक कटाने का काम किया योगी ने। उन्होंने जनता से अपील की कि रुधौली प्रत्याशी पुष्करादित्य सिंह और खलीलाबाद विधानसभा से प्रत्याशी सुबोध यादव को भारी बहुमत से जिताना। एक बार आम आदमी पार्टी को भी मौका दीजिये। पूरे उत्तर प्रदेश में रिकार्ड मार्जिन से जीतना चाहिये। जनसभा में आप के राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि गोरखुपर के हैं बाबा जी, कहते हैं गर्मी उतार देंगे। उन्होंने कहा कि हम पूर्वांचल और अवध के लोग हैं हमारे यहां जब भूत सवार हो जाता है तो ओझा लोग झाडू मार मार कर भूत उतार देते हैं। उन्होंने जनता से कहा कि सत्ता का अहंकार बाबा आदित्यनाथ के दिमाग में है झाडू मारमार कर वो भूत उतार देना। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# रणधीर कुमार सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल विधानसभा के आदर्श व पिंक बूथों पर सामान्य पेक्षक रणधीर कुमार ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने तैयारी को लेकर संतुष्टि जतायी। सोमवार को पिंक बूथ संख्या 91 व 92 प्राथमिक विद्यालय घोरावल और आदर्श बूथ संख्या 98 व 99 प्राथमिक विद्यालय बिसरेखी के आलावा प्राथमिक विद्यालय सतद्वारी के पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया गया। बता दें कि आगामी 7 मार्च को घोरावल विधानसभा के लिए मतदान होना है। जिसका परिणाम 10 मार्च को घोषित होना है। चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। वहीं वोटिंग के प्रतिशत को शत प्रतिशत के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा क्षेत्रीय लेखपाल आदि मौजूद रहे।



# विजय संकल्प रैली में शशांक को जनता का अपार समर्थन

## महोली में गरजे शाह, रिकॉर्ड मतों से जिताने की जनता से की अपील

महोली,सीतापुर। प्रदेश की तकदीर के चौथे चरण का चुनाव अब परवान चढ़ रहा है। जहां सभी दलों के प्रत्याशियों ने चुनाव में जीतने के लिए सारी शक्ति लगा दी है। वहीं विजय संकल्प रैली कराकर भाजपा ने 2017 के प्रदर्शन को दोहराने के लिए सारी ताकत झोंक दी है। भाजपा की सरकार जहां सामान्य वर्ग के साथ पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति की जनता मसीहा बनकर उभरी है तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित अमित शाह की जनसभा में जनता ने अपार जन सैलाब के साथ भाजपा को समर्थन दे दिया है। नगर के कृषक इंटर कॉलेज मैदान पर भाजपा की विजय संकल्प जनसभा में जनता के अपार जनसैलाब सैलाब से गदगद हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा हजारों सालों तक ब्राह्मणों की तपस्थली रही। इस नैमिष की पावन भूमि पर उपस्थित जनता जनार्दन को मैं प्रणाम करता हूँ। जनता से रूबरू होते हुए शहीद मनोज पांडे का जिक्र कर उनकी डायरी से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा बार विधानसभा चुनाव में महोली की जनता अपने प्रत्याशी शशांक त्रिवेदी को रिकॉर्ड मतों से जिताकर इतिहास रचने जा रही है। भाजपा की सरकार ने जहां बेहतर कानून व्यवस्था परिवारवाद गुंडाराज पर लगाम लगाकर युवाओं को नौकरी और गरीबों को मुफ्त राशन और कोरोना में सभी को निरूशुल्क वैक्सीन व किसान सम्मान निधि की व्यवस्था कराई तो लाख डाउन में कई योजनाओं के साथ सभी को भोजन और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। सपा बसपा कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सपा बसपा का सूपड़ा साफ और कांग्रेसी तो दो तीन सीटों तक भी दिखाई नहीं दे रही है। भाजपा प्रत्याशी शशांक त्रिवेदी को गांव गांव का अपार समर्थन हासिल हो रहा है। 22 में कमल खिलाकर जीत का एक चौका लगाना है। यह विधानसभा का चुनाव शशांक त्रिवेदी को एमएलए बनाने का नहीं, वरन उत्तर प्रदेश के भविष्य का है। यह चुनाव माताओं बहनों की सुरक्षा खुशहाली तरक्की का है। मोदी जिंदाबाद के साथ कमल के फूल की बटन दबाकर शशांक को जिताना है। उत्तर प्रदेश आतंकवाद का हॉटस्पॉट व माफिया का कारीडोर माना जाता था। योगी के शासन में यहां बाहुबली नहीं है केवल बजरंगबली छाए हैं। उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के मामले में काफी पिछड़ा होने के साथ.साथ नौ नंबर पर था। अब मोदी के नेतृत्व में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। 23 तारीख को होने वाले मतदान में भाजपा प्रत्याशी शशांक त्रिवेदी को भारी मतों से जिताकर एक मौका देने की अपील की। जनसभा में सांसद रेखा अरुण वर्मा, सांसद सतीश गौतम, मंत्री जितिन प्रसाद, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, वाई सत्य कुमार, मिथिलेश यादव, जगदीश प्रसाद सहित हजारों की संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अपार जनसैलाब के चलते यहां फील्ड में तिल भर पैर रखने की जगह नहीं थी। वहीं देखने के लिए आतुर लोग आसपास के मकानों की छतों पर भरे पड़े थे।

# अन्नपूर्णा साहित्य संगम की 475वीं साप्ताहिक काव्य गोष्ठी सम्पन्न

सीतापुर। अन्नपूर्णा साहित्य संगम की 475वीं साप्ताहिक काव्य गोष्ठी जेल रोड स्थित सरस्वती संगीत महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुई। संस्थान संरक्षिका पुष्पा अवस्थी के संरक्षण तथा वरिष्ठ शायर महफूज रहमानी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी का संचालन यासीन इब्ने उमर के द्वारा किया गया। राम किशोर श्रीवास्तव ने वाणी वंदना के माध्यम से गोष्ठी का शुभारंभ किया। तदुपरांत कवियों व शायरों ने काव्य की रसधार बहाई, पुष्पा अवस्थी ने कहा धीरे धीरे उम्र तो कट जाती है, जीवन यादों की पुस्तक बन जाती है। महफूज रहमानी ने सुनाया महफूज अपनी टांग जो रखनी है आपको, तो हर जगह पे टांग अड़ाया न कीजिए। एके मिश्र ने कहा बाग में मैं वह भी पौधे सींचता हूं जो करें कांटों से घायल बदन मेरा। यासीन इब्ने उमर ने सुनाया शब्दों की रसधार है कविता, भाषा का श्रृंगार है कविता। एपी गौतम ने सुनाया लगता है भारत की मनुष्यता जाति लोप है, यहां पर तो मनुष्य के स्थान पर हिंदू मुसलमान है। केपी मिश्र ने गुदगुदाते हुए कहा याकु दिवानी बचपनु घेरिस, भैंस चरावैक हमका हैरिस। जीएल गांधी ने सुनाया वेद पढने से अच्छा है, किसी की वेदना पढना। रौनक सीतापुरी ने कहा रूठ जाए अगर मां कभी, पहले उसको मना लीजिए। सुमन मिश्रा ने कहा बेटी सृष्टि की अनुपम दृष्टि है, वह दुर्गा रूप अवतारी है। गीता श्रीवास्तव ने सुनाया कान्हा मैं तो प्रेम दीवानी, गीत तुम्हारे गाती हूं। आलोक कुमार ने कहा आपकी नजरों से जो हम उतर जाएंगे, यह तो सच है कि जीते जी मर जाएंगे। काव्य गोष्ठी में पुष्पा अवस्थी, महफूज रेहमानी, एके मिश्र, यासीन इब्ने उमर, केपी मिश्र, एपी गौतम, नफीस सीतापुर, जीएल गांधी, राम किशोर श्रीवास्तव, राज बहादुर वर्मा, सुमन मिश्रा, राजकुमार श्रीवास्तव, रियाजुद्दीन रियाज, लक्ष्मी वर्मा, गीता श्रीवास्तव, रौनक सीतापुरी, आलोक कुमार, बृजेंद्र कुमार मिश्र, अरुण कुमार श्रीवास्तव आदि ने काव्य पाठ किया।

# जिलाधिकारी ने राज्य स्तरीय हैंडबॉल चौंपियनशिप का किया शुभारंभ

अम्बेडकरनगर। राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चौंपियनशिप एनटीपीसी कप और राज्य स्तरीय सीनियर महिला हैंडबॉल चौंपियनशिप का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन द्वारा ज्ञान की देवी माँ सरस्वती व मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यर्पण व दीप प्रज्ज्वलन तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया, अध्यक्षता ओलम्पिक संघ के कोषाध्यक्ष व महासचिव यूपी हैंडबॉल आनंदेश्वर पाण्डेय ने किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहाकि आप सभी ऐसे ही मेहनत करते हुए आगे बढ़े जिससे आप आगे चलकर देश के लिए खेल कर अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाये। उन्होंने इस जिले में पहली बार राज्य स्तरीय चौम्पियनशिप आयोजित कराने के लिए एनटीपीसी की तारीफ करते हुए कहाकि एनटीपीसी अपने समस्त जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर रहा है। जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव व कार्यक्रम आयोजक डॉ0 हनुमान प्रताप सिंह को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह ने कहाकि खेल को बढ़ाने के लिए एनटीपीसी लगातार कार्य कर रही है और आगे भी जब भी आवश्यकता होगी एनटीपीसी अपनी जिम्मेदारी निभाएगी। एनटीपीसी के जीएम मानव संसाधन एस0एन0 पाणिग्रही ने भी खिलाड़ियों का आभार जताया और शुभकामना दिया। भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ0 आनंदेश्वर पांडे ने एनटीपीसी की तारीफ करते हुए कहाकि एनटीपीसी के प्रयास से इतना बड़ा खेल हो रहा है एनटीपीसी टांडा बधाई का पात्र है जो की अपने नैग्मिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है इसके अलावा विशिष्ट अतिथि जे0एस0 अहलावत जीएम प्रोजेक्ट ने भी खिलाड़ियों का आभार जताया। इस दौरान स्वीप योजना के तहत खिलाड़ियों के सहित वहाँ मौजूद सभी लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए उन्हें शपथ भी दिलाई गई। अयोध्या और प्रयागराज पुरुष और महिला वर्ग में अयोध्या बनाम लखनऊ के बीच खेला गया। दोनों ही वर्गों में अयोध्या की टीम विजयी रही। बस्ती बनाम वाराणसी पुरुष वर्ग में वाराणसी जीती। वाराणसी बनाम अयोध्या महिला वर्ग में अयोध्या की टीम ने विजय हासिल किया। परियोजना निदेशक राकेश प्रसाद, जिला खेल अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री, डिप्टी खेल अधिकारी इरफान सहित तमाम लोग मौजूद रहे। ऑफिशियल प्रमेन्द्र सिंह कौशल शिक्षित, पंकज यादव, हेमन्त, सचिन शुक्लराम कुमार, बैजनाथ यादव, संसीप रॉय, अजय श्रीवास्तव, सूरज सिंह, मनीष सिंह द्वारा खेल सम्पादित कराया गया।

# ट्रैक्टर के पलटने से युवक की मौत

महोली,सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत तिलकपुरवा गांव निवासी मिंटू सिंह का ट्रैक्टर नहर में पलट जाने की वजह से चालक की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तिलकपुरवा गांव निवासी मिंटू सिंह उम्र करीब 32 वर्ष जो खमरिया सेंटर पर गन्ने से भरी ट्राली तौल कराने हेतु लेकर गया था। जहां पर नंबर न आने की वजह से उसने ट्राली सेंटर पर छोड़ दी और घर वापस जा रहा था। रास्ते में शारदा नहर के पुल के करीब ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। जिससे चालक मिंटू ट्रैक्टर के नीचे दब गया हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो जाने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

# 48 घण्टों की कालावधि के दौरान सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबन्ध

सीतापुर। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल भारद्वाज ने बताया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के अन्तर्गत मतदान की समाप्ति के लिये नियत किये गये समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घण्टों की कालावधि के दौरान सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। कोई भी व्यक्ति किसी मतदान क्षेत्र में उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिये मतदान की समाप्ति के लिये नियत किये गये समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घण्टों की कालावधि के दौरान, निर्वाचन के सम्बन्ध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसको सम्बोधित करेगा। चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साचित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन सम्बन्धी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा या कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन सम्बन्धी बात का प्रचार नहीं करेगा। 21 फरवरी 2022 को सायं 6 बजे से प्रचार प्रसार पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। वह व्यक्ति जो उपधारा 1 के उपबन्धों का उल्लंघन करेगा, कारावास से, जिसकी अवधि 02 वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा।

# गोली मारकर चाची सहित दो की हत्या

जौनपुर। जिले के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के मल्लूपुर गांव में . पारिवारिक विवाद को लेकर एक युवक ने अपनी चाची व उनके पिता की गोली मार कर हत्या दिया। पुलिस ने आरोपित को असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उक्त गांव नितीश यादव का अपनी चाची प्रतिमा यादव से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी रंजिश को लेकर नितीश यादव ने प्रतिमा यादव व बेटी के घर आए कृपा शंकर यादव निवासी सरौली थाना महराजगंज की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित नितीश यादव को असलहा सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के अनुसार भूमि को लेकर दोनों पक्षों में काफी समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। कई बार इस विषय को लेकर दोनों पक्षों में विवाद और समझौतों का दौर चलने के बाद भी इस मामले का निस्तारण नहीं हो सका था। इस बीच . दोपहर विवाद के बीच नितीश यादव असलहे के साथ चाची और परिजनों के साथ जमीन और प्रापर्टी को लेकर विवाद करने पहुंचा था।इस बीच दोनों पक्षों से विवाद की सूरत बनते देख नितीश ने असलहा निकालकर कई राउंड फायर झोंक दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च को

अम्बेडकरनगर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार दिनांक 12.03.2022 दिन शनिवार को जनपद न्यायालय एवं पुरानी कचहरी, अकबरपुर परिसर स्थित पारिवारिक न्यायालय में कोविड–19 महामारी के अन्तर्गत शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु आज पुरानी कचहरी, अकबरपुर परिसर स्थित पारिवारिक न्यायालय में अनमोल पाल प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय की अध्यक्षता में एवं श्रीमती पूजा विश्वकर्मा अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय व सुश्री प्रियंका सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों के अधिक से अधिक निस्तारण हेतु पारिवारिक वादों से सम्बन्धित अधिवक्ताओं, संधिकर्ता, कांउसलर एवं वादी–प्रतिवादी के साथ प्री–ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय द्वारा बैठक में उपस्थित पारिवारिक मामलों के अधिवक्ताओं, संधिकर्ता, कांउसलर एवं वादी–प्रतिवादी को लोक अदालत में पारिवरिक मामलों के सुलह–समझौता महत्व पर प्रकाश डालते हुये एवं सुलह हेतु प्रेरित करते हुये बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक, वैवाहिक और घरेलू झगड़ों, भरण–पोषण से सम्बन्धित विवादों का निपटारा सुलह–समझौता के माध्यम से किया जा सकता है तथा पारिवारिक कानून के मामलों में परिवारों को सर्वोत्तम परिणाम प्रदान करने का प्रयास किया जाता है, जिससे परिवारों को टूटने–बिखरने से बचाया जा सकता है और इससे रिश्तों को मजबूती मिलती है। बैठक के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओ, संधिकर्ता, कांउसलर द्वारा वादी–प्रतिवादी से बातचीत कर सुलह–समझौता हेतु प्रयास किया गया। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय द्वारा बैठक में उपस्थित पारिवारिक मामलों के अधिवक्ताओं, संधिकर्ता, कांउसलर एवं वादी–प्रतिवादी को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद नियत कर निस्तारित करवाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित सभी द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इसके अतिरिक्त आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु एवं जनपद की तहसीलों में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के सुचारू रूप से संचालन हेतु सुश्री प्रियंका सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तहसीलदारध्सचिव, तहसील विधिक सेवा समिति अकबरपुर, टाण्डा, भीटी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा आगामी लोक अदालत में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किये जाने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी।

# एनसीसी कैडेटों ने निकाला मतदाता जागरूकता रैली

जौनपुर। लेफ्टिनेंट कर्नल आर एस मोनी की अध्यक्षता मे ष्मतदान जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाला , जिसमें 5 यूपी इंडिपेंडेंट कंपनी, जौनपुर के 82 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया, इस दौरान कैडेटों ने घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया, रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स अपने हाथों में घर–घर में संदेश दो वोट दो वोट दो, आओ मिलकर अलख जगाए, सब मिलकर मतदान कराएं, लोकतंत्र हो तभी महान, सब करे जब मतदान, न जाति पर न धर्म पर बटन दबेगा कर्म पर, हमको यह समझाना है, सबको वोट कराना है, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है। कैडेट ने युवाओं व बुजुर्गों और महिलाओं से संवाद कर भारतीय संविधान में निहित मूल अधिकारों में से एक मतदान के अधिकार के प्रति लोगों को सजग किया और बताया कि आपका वोट बेशकीमती है। एक–एक वोट से राष्ट्र का निर्माण होता है । इस दौरान मेजर एस एन सिंह, सूबेदार तरसेम कुमार, सीनियर जेसीओ 5 यूपी इंडिपेंडेंट कंपनी, नायब सूबेदार अनिल शर्मा, हवलदार बालक, नायक हरमिंदर सिंह हेड क्लर्क हरीश कुमार ट्रेनिंग क्लर्क नीरू का अहम भूमिका रहा ।

# मतदाता को कुछ सहूलियतें दी गई होती तो बढ़ सकता था वोटिंग प्रतिशत

## ग्रामीण क्षेत्र के पिछड़ने से भाजपा और सपा के माथे पर चिंता की लकीरें

कानपुर। मतदान खत्म होते ही राजनीतिक गलियारों में वोटिंग की गुणा–गणित शुरू हो गई है। यूं तो दावे सभी जीत के कर रहे हैं लेकिन दावों से इतर परेशान भी हैं। सुबह से शाम तक मतदान की रेस में सबसे आगे चल रहे बिल्हौर,बिठूर और घाटमपुर में देर शाम को अंतिम गणना हुई तो पता चला कि पिछले चुनाव से कम वोट पड़ा है। घाटमपुर के 2019 में हुए उप चुनाव से तो वोट बढ़े लेकिन 2017 के मुकाबले कम मतदान है। इसे लेकर मुख्य संघर्ष में मानी जा रही भाजपा और सपा दोनों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं।

शहरी सीट में कल्याणपुर,आर्यनगर और कैंट को छोड़ दिया जाए तो गोविंद नगर,सीसामऊ,किदवई नगर, महाराजपुर में मतदान फीसद बढ़ा है। शहरी सीटों पर वोट प्रतिशत बढने की उम्मीद रहती है लेकिन आर्यनगर में 1.86 फीसद और कैंट में 0.28 फीसद कम मतदान हुआ। कल्याणपुर में भी 0.43 फीसद कम वोट पड़े। कैंट और कल्याणपुर को लेकर तो प्रत्याशियों को ज्यादा चिंता नहीं है लेकिन आर्यनगर का करीब दो फीसद का यह अंतर प्रत्याशियों को परेशान करने वाला है। छह सीटों में वोट प्रतिशत गिरने से जहां प्रत्याशी परेशान हैं,वहीं जिन सीटों पर ज्यादा वोट पड़ा है,वहां के प्रत्याशी काफी खुश हैं। पूरे जिले का मतदान पिछले चुनाव में 57.10 फीसद था और इस बार यह 0. 02 फीसद कम रह गया। बता दे कि,गोविंदनगर में 2017 में 53.08 फीसद मतदान हुआ था जबकि घाटमपुर में 2017 में 61.90 फीसद वोट पड़े थे।

सुरक्षा कर्मियों द्वारा बेवजह की रोक–टोक से बिना मतदान किए ही लोग लौटे

हालांकि लोगों का मतदान का प्रतिशत कम होने से लोगों को निराशा भी खूब हुई। मतदान में सेकेंड क्लास पास होने की बजाए फर्स्ट क्लास पास हो सकते थे,अगर मतदान के दौरान मतदाता को कुछ सहूलियतें दी गई होती। सुरक्षा कर्मियों द्वारा बेवजह की रोक–टोक ने बूथों पर आए मतदाता बिना मतदान किए ही लौटने पर मजबूर कर दिया। 2017 चुनाव में 57.26 प्रतिशत और इस बार चुनाव में 57.08 प्रतिशत ही मतदान हुआ।

वोटर लिस्ट में नाम ही ढूंढते रह गए: हर बार की तरह हजारों की संख्या में मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में कट गए। वहीं कई मतदाता ऐसे भी थे जिनके परिवार का आधे सदस्यों का एक बूथ और आधे सदस्यों का किसी दूसरे मतदान केंद्र में नाम था। ऐसे में इस व्यवस्था से झल्लाए लोग भी मतदान बिना किए ही घरों को चले गए। ऐसे कई मतदाता थे जिन्होंने बूथ के बाहर हंगामा भी किया।

# विधानसभा सामान्य निर्वाचन में किसी प्रकार की न बरती जाए लापरवाहीः जिलाधिकारी

अम्बेडकरनगर जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में हवाई पट्टी अकबरपुर में प्रशिक्षण के उपरांत मतदान कार्मिकों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष चुनाव कराने में ईमानदारी के साथ जो भी कार्य दिया गया है उसे पूरा करें। दिए गए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी द्वारा मतदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहाकि जिन भी कार्मिक की ड्यूटी चुनाव में लगी है वह कार्मिक पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान अवश्य कर लें। उन्होंने यह भी निर्देश देते हुए कहाकि चुनाव के दिन किसी भी वोटर को पोलिंग स्टेशन के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति न दिया जाए। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, जिला विकास अधिकारी बिरेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक राकेश प्रसाद तथा मतदान कार्मिक उपस्थित रहे।

# पुलिस तांडव का स्वर्णएकता मंच ने किया विरोध

जौनपुर। नगर के स्वर्ण व्यवसायी गहना कोठी के मालिक विनीत सेठ के रासमंडल निवास पर कल देर रात बड़ी संख्या में घुसकर पुलिस द्वारा ताण्डव मचाने का स्वर्ण भारत एकता मंच ने विरोध जताते हुए जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि पुलिस द्वारा घर में घुसकर सीसी कैमरा , दरवाजा व सामान को तोड़ते हुए घर के सदस्यों को गाली देते हुए मारने पीटने व मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए घर के कुछ सदस्य को जबरदस्ती अपने साथ लिवाा गये। पुलिस के इस व्यवहार से स्वर्ण समाज बहुत ही आक्रोशित व चिंतित है। स्वर्ण भारत एकता मंच के युवा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पत्रक दे कर मां गकी गयी कि इस घटना की निष्पक्ष जांच किसी जिला स्तरीय अधिकारी से कराया जाए । इस घटना में शामिल पुलिसकर्मी को तत्काल लाइन हाजिर व कार्य मुक्त किया जाए। थाने में बठाये हुए गहना कोठी के परिवार वाले को तत्काल छोड़ा जाए। दोषी पुलिसकर्मी के ऊपर मुकदमा पंजीकृत किया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉक्टर संजय कुमार ने भरोसा दिया कि स्वर्ण व्यापारी के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होगा । उपरोक्त मांग का जल्द ही निस्तारण किया जाएगा । इस अवसर पर शुभ सेठ (राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू एकता संगठन), संदीप सोनी, शुभम सेठ रूहट्टा , संजू सेठ नगर अध्यक्ष, सुरेश सेठ, राजा सेठ संगम सेठ आदि लोग मौजूद रह।

# चुनाव को देखते हुए आबकारी विभाग की कार्यवाई जारी

उन्नाव। विधानसभा चुनाव को देखते हुए आबकारी टीम लगातार छापेमारी कर रही है। विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में प्रदीप कुमार मौर्य आबकारी निरीक्षक बीघापुर, मय हमराह व बिहार के साथ संयुक्त रूप से तहसील बीघापुर के संदिग्ध ग्राम तिवरिया में कई घरों व तालाब किनारे एवं खेतों में दबिश दी गयी, दबिश के दौरान लगभग 130 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए अभियोग पंजीकृत किये गये। मौके पर 3 भट्ठी व 800 किलो महुआ लहन नष्ट किया गया। सुमन पत्नी राजकुमार निवासी तिवरिया को गिरफ्तार करते हुए थाना बिहार में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

इसके बाद ग्राम देवराहार में मनीराम व रामराज के घरों के तलाशी ली गयीं, तलाशी के दौरान शराब की बरामदगी नही हुई। आबकारी निरीक्षक हसनगंज अमित कुमार श्रीवास्तव आबकारी स्टाफ तथा थाना हसनगंज पुलिस के साथ अवैध शराब के खिलाफ आकस्मिक चेकिंग के दौरान मुखबिर खास से मिली सूचना के अनुसार गजब्कर नगर क्षेत्र के आसपास स्थित ढाबों की चेकिंग की गई तथा चेकिंग के दौरान 41 देसी पावे ढाबों से बरामद किए गए। 2 व्यक्तियों को मौके से देसी शराब के पव्वे बेचते हुए पकड़ा गया, जिसमें संतोष कुमार सन ऑफ प्रेम शंकर, राहुल सन ऑफ प्रेम शंकर पर थाना हसनगंज में सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इन व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि ये देशी शराब की दुकान से थोड़ी–थोड़ी मात्रा में शराब के पव्वे खरीद कर ढाबों से बेचने के लिए इन्हें लाए थे। इसके बाद आबकारी स्टाफ के साथ थाना हसनगंज अंतर्गत देशी शराब दुकान हसनगंज, देशी शराब की दुकान रसूलाबाद, मुंशीगंज विदेशी शराब की दुकान मकबूल खेड़ा, देशी शराब दुकान मकबूल खेड़ा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान निकासी पास से दुकान पर संचित स्टॉक का मिलान किया गया, कैम्रे चेक किए गए तथा दुकानों के आसपास स्थित कैंटिनो का निरीक्षण किया गया।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# स्नैक्स टाइम के लिए एकदम परफेक्ट हैं ये मिल्कशेक, जानिए इनकी रेसिपी



मिल्कशेक एक ऐसा पेय है, जो बच्चों से लेकर बड़ों को बेहद पसंद है। हो भी क्यूं न, क्योंकि यह स्वादिष्ट होने के साथ ही पौष्टिक भी होता है। इसका मुख्य कारण है कि मिल्कशेक बनाते समय मुख्य सामग्रियां दूध, फल और सूखे मेवे आदि होते हैं, जो स्वास्थ्य को कई फायदे दे सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे मिल्कशेक की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन हर कोई बार–बार करना पसंद करेगा।

चीकू मिल्कशेक

सामग्रीरू दो चीकू, आधा गिलास दूध, दो चम्मच चीनी और कुछ आइस क्यूब (वैकल्पिक)। मिल्कशेक बनाने का तरीकारू सबसे पहले दोनों चीकू को धोकर छिल लें। इसके बाद एक ब्लेंडर में छिले हुए चीकू, दूध, चीनी और आइस क्यूब डालकर अच्छे से ब्लेंड करें। अब इस मिश्रण को एक कांच के गिलास में डालें और इसके ऊपर चीकू के कुछ स्लाइस गार्निश करें, फिर इस स्वादिष्ट चीकू मिल्कशेक का सेवन करें।

थाई मिल्कशेकः सामग्रीरू एक कप ठंडा नारियल का दूध, आधा कप आम का गूदा, दो चम्मच चीनी, एक चौथाई छोटी चम्मच हरी इलायची का पाउडर और कुछ आइस क्यूब (वैकल्पिक)। मिल्कशेक बनाने का तरीकारू सबसे पहले एक ब्लेंडर में सभी चीजों को डालकर ब्लेंड करें, फिर इस मिश्रण को गिलास में डालकर इसके ऊपर आम के कुछ स्लाइस गार्निश करें। इसके बाद इस मिल्कशेक का सेवन करें। नोटरू अगर नारियल का दूध और आम मीठे हैं तो चीनी का इस्तेमाल न करें।

चोको चिप्स कॉफी मिल्कशेक

सामग्रीरू दो बड़े स्कूप कुकी डफ आईसक्रीम, आधा कप ठंडा दूध, आधी छोटी चम्मच कॉफी पाउडर, एक चॉकलेट चिप्स कुकी और कुछ आइस क्यूब (वैकल्पिक)। मिल्कशेक बनाने का तरीकारू सबसे पहले एक ब्लेंडर में सभी सामग्रियों को डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। इसके बाद एक कांच के गिलास में चॉकलेट सिरप डालें, फिर इसमें ब्लेंड वाला मिश्रण डालें। अंत में इसके ऊपर बारीक कटे काजू गार्निश करके इसका सेवन करें।

मिक्स ड्राई फ्रूट मिल्कशेक

सामग्रीरू आधा गिलास दूध, दो चम्मच चीनी, तीन बादाम, चार काजू, तीन पिस्ता, दो छुआरे, दो खुबानी और कुछ आइस क्यूब (वैकल्पिक)। मिल्कशेक बनाने का तरीकारू सबसे पहले सारे सूखे मेवों को पानी में लगभग एक घंटे के लिए भिगो दें। इसके बाद सारे भीगे सूखे मेवे पानी से निकालकर ब्लेंडर में डालें, फिर ब्लेंडर में दूध, चीनी और आइस क्यूब डालकर अच्छे से ब्लेंड करें। इसके बाद तैयार मिल्कशेक को गिलास में डालकर पिएं।

अगर आप इन मिल्कशेक को अधिक स्वास्थ्यवर्धक बनाना चाहते हैं तो इन्हें बनाते समय चीनी की बजाय ब्राउन शुगर, मेपल सिरप और शहद जैसी चीजों का इस्तेमाल करें।

## टीवी अभिनेत्री श्रीजिता डे इस साल के अंत तक लेंगी सात फेरे

शो उतरन में काम कर चुकी अभिनेत्री श्रीजिता डे को उनके बायफ्रेंड ने क्रिसमस 2021 के मौके पर प्रपोज किया था श्रीजिता डे ने फोटोज साझा  कर इस बात की जानकारी दी थी पिछले कुछ



समय से श्रीजिता डे जर्मनी के रहने वाले माइकल बीपी को डेट कर रही है अब श्रीजिता अपनी शादी की प्लानिंग कर रही है श्रीजिता कोरोना के कम होने का इन्तजार कर रही है ताकि उनके मेहमान आसानी से भारत से जर्मनी जा सकें इस साल के अंत तक यह अदाकार दुल्हन बन जाएगी श्रीजिता जर्मनी में शादी करना चाहती है श्रीजिता ने बताया की वह बंगाली और जर्मनी रीती रिवाज से शादी करना चाहती है श्रीजिता अपनी शादी में केवल 70 से 100 मेहमानों को निमत्रण देने वाली है श्रीजिता डे की शादी में कुछ परिवार के लोग ही शामिल होंगे श्रीजिता डे इन दिनों काफी समय से बीजी चल रही है श्रीजिता डे ने कुछ समय पहले ही एक फिल्म और वेब सीरीज की शूटिंग खत्म की है माइकल ने आईफिल टॉवर के निचे श्रीजिता को प्रपोज किया था इस दिन को याद करके श्रीजिता डे काफी खुश हो जाती है माइकल प्रोपज के बारे में बात करते हुए श्रीजिता डे ने कहा की उनका सपना सच हो गया सगाई का प्रपोजल किसी फेटरीटेल स्टोरी से कम नहीं है

# बोनी कपूर ने की फिल्म एके 61 की घोषणा



पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि साउथ के सुपरस्टार अजित कुमार जल्द ही बॉलीवुड निर्माता बोनी कपूर के साथ एक फिल्म में काम करने वाले हैं। फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं और अब आखिरकार इसका आधिकारिक रूप से ऐलान भी हो चुका है। बोनी कपूर ने  एके 61 से अजित की पहली झलक फैंस के साथ साझा करते हुए फिल्म का ऐलान किया।

निर्माता बोनी कपूर और निर्देशक एच विनोद ने आधिकारिक तौर पर अपने अगली फिल्म  एके 61 की घोषणा कर दी है। तमिल सुपरस्टार अजित कुमार इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। बोनी ने अजित की एक मोनोक्रॉम तस्वीर शेयर की। इसमें उनके सफेद बाल और सफेद दाढ़ी नजर आ रही है। यह तस्वीर शेयर कर बोनी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, तैयारी शुरू हो गई है। बता दें कि मार्च में इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है।

एके 61 का शूटिंग शेड्यूल सात महीने का रखा गया है। चेन्नई में इसके लिए एक विशाल सेट बनाया गया है। सबसे ज्यादा चर्चा इस फिल्म में अजित के किरदार पर हो रही है। कहा जा रहा है कि वह इसमें नकारात्मक भूमिका निभाने वाले हैं। वैसे भी अजित नेगेटिव रोल करने में माहिर हैं। मनकथा और वाल्ले जैसी फिल्मों में वह विलेन बन दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब फिर अजित बैडमैन बनने की तैयारी में हैं

खास बात है कि बोनी, विनोद और अजित कुमार की ये तिकड़ी इस फिल्म के जरिए तीसरी बार साथ काम करने जा रही है। तीनों ने सबसे पहले फिल्म नारकोंडा पारवाई में साथ काम किया था। इसके बाद वे फिल्म वलीमाई के लिए साथ आए।

बोनी, विनोद और अजित की कॉप ड्रामा फिल्म वलीमाई अगले गुरुवार यानी 24 फरवरी को दर्शकों के बीच आने वाली है। फिल्म में अजित एक सख्त पुलिस अफसर बने हैं। युवान शंकर राजा ने फिल्म को संगीत दिया है और अभिनेत्री हुमा कुरैशी इस फिल्म की लीड हीरोइन हैं। एक्टर कार्तिकेय घुम्माकोंडा इसमें खलनायक बने हैं। अजित के साथ फिल्म में उनकी जबरदस्त टक्कर होने वाली है। अजित की यह फिल्म तमिल, तेलुगु और हिंदी में भी रिलीज होगी।

अजित साउथ के ऐसे कलाकार हैं, जिनकी फिल्में रिलीज होते ही सुपरहिट साबित होती हैं। जिस तरह से साउथ में रजनीकांत, कमल हासन और रवि तेजा जैसे कलाकारों का फैन बेस है, वैसा ही स्टारडम साउथ में अजीत कुमार का भी है। अजित को अपनी फिल्मों के लिए कई बार पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। सुपरस्टार सलमान खान भी अजित कुमार के फैन हैं। अजित ने अभिनय के साथ–साथ मोटर स्पोर्ट्स और शूटिंग में भी खूब नाम कमाया है।

## मृणाल ठाकुर ने दुलकर सलमान अभिनीत तेलुगु डेब्यू लेफ्टिनेंट राम की शूटिंग शुरु की

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर दुलकर सलमान के साथ लेफ्टिनेंट राम के साथ अपना आधिकारिक तेलुगु डेब्यू करने के लिए पूरी



तरह तैयार हैं। आगामी फिल्म एक त्रिभाषी अवधि की प्रेम कहानी है और इसे मलयालम, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का अंतर्राष्ट्रीय शेड्यूल रूस के लिए दुलकर और मृणाल के साथ रखा गया है। एक सूत्र के अनुसार, मृणाल पहले ही रूस पहुंच चुकी हैं और उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। यह 5–6 दिनों का शेड्यूल है और वह रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में शूटिंग कर रही हैं। सूत्र ने आगे कहा कि दुलकर और मृणाल के बीच एक अद्भुत ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री है और यह पूरी तरह से कैमरे पर दिखाई देती है। यह फिल्म मृणाल के तेलुगु डेब्यू की तरह नहीं लग रहा है क्योंकि उन्होंने यूनिट की कार्यशैली और शूटिंग पैटर्न को शानदार ढंग से अनुकूलित किया है। मृणाल जल्द ही शाहिद कपूर के साथ उनकी बहुप्रतीक्षित स्पोर्ट्स ड्रामा, जर्सी में भी दिखाई देंगी। उनके पास निर्देशक उमेश शुक्ला की आंख मिचोली और निर्देशक राजा मेनन की पिप्पा भी पाइपलाइन में हैं।

# रोजाना वर्कआउट से पहले करें ये स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज



अगर आप स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज किए बिना ही अपना वर्कआउट सेशन शुरू कर देते हैं तो आपकी इस गलती के कारण मांसपेशियों पर अधिक दबाव पडने लगता है, जिससे चोट लगने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए किसी भी तरह की एक्सरसाइज को करने से पहले स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करना फायदेमंद हो सकता है। इससे न सिर्फ मांसपेशियां खुलती हैं, बल्कि शरीर भी काफी लचीला हो जाता है। आइए आज हम आपको कुछ आसान स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करने का तरीका बताते हैं।

हाई नी एक्सरसाइज

सबसे पहले जमीन पर अपने पैरों को थोड़ा खोलकर खड़े हो जाएं, फिर अपने एक घुटने को अपनी छाती तक उठाएं, फिर जल्दी से अपने पहले पैर को छोड़ते हुए अपने दूसरे पैर को छाती के पास तक लाएं। पैर से पैर पर स्विच करते समय अपने कोर को जोडने का प्रयास करें। शुरुआत में यह एक्सरसाइज एक मिनट तक करें, फिर धीरे–धीरे समय बढ़ाएं और प्रत्येक सेट के बीच 30 सेकंड का आराम जरूर करें।

डबल नी टू चेस्ट एक्सरसाइज

इसके लिए सबसे पहले जमीन पर पीठ के बल लेटकर अपने दोनों घुटनों को मोड़ते हुए पेट या छाती के ऊपर लाएं। अब अपने हाथों से घुटनों को पकड़ें और 10 सेकेंड तक पकड़े रहें, फिर पहले वाली अवस्था में लौट जाएं। आप चाहें तो अपने हाथों से पैरों को सहारा देते हुए इस स्थिति में 15 से 30 सेकेंड के लिए रह सकते हैं। अंत में धीरे–धीरे अपने पैरों को नीचे कर लें।

लंज एक्सरसाइज

सबसे पहले जमीन पर सीधे खड़े होकर अपने दाएं पैर को आगे बढ़ाएं और उसको घुटनों से मोड़ते हुए 90 डिग्री का कोण बनाएं। अब बायां पैर पीछे के ओर सीधा करें और दोनों पैरों के बीच में कम से कम दो–तीन फीट की दूरी कायम करें। कुछ सेकेंड इसी स्थिति में रहने के बाद खुद को ऊपर की ओर उछालें। इससे आप प्रारंभिक स्थिति में आ जाएंगे। इसे रेप्स कहते हैं। इसी तरह दोनों पैर से 12–15 रेप्स करें।

जंपिंग जैक एक्सरसाइजः इसके लिए सबसे पहले जमीन पर सावधान मुद्रा में खड़े हो जाएं, फिर पैरों को अपने कूल्हों की चौड़ाई के बराबर खोलें। इसके बाद कूदें और इस दौरान अपने हाथों को अपने सिर के ऊपर ले जाते हुए मिलाएं, फिर से कूंदें और अपनी बाजुओं को नीचे लाने के साथ ही पैरों को एक साथ चिपकाएं। कुछ सेकेंड के बाद आप अपनी प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं और इस क्रिया को बार–बार दोहराएं।

